


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश राजस्थान हरियाणा छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17

5 | आज मनेगी हनुमान जयंती | सम्पादकीय | कुशलता के चालक | उद्योग चैंबर ने महंगाई से बचने के उपाय करने को कहा 5

वर्ष 16 ● अंक 47 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online भोपाल, शनिवार 16 अप्रैल 2022 email - hindustanexpressbhopal@gmail.com, hindustanexpresshe@gmail.com मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

# अच्छी स्वास्थ्य सेवायें सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती हैं : प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के भुज शहर में केके पटेल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। पीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भूकंप से मची तबाही को पीछे छोड़कर भुज और कच्छ के लोग अब अपने परिश्रम से इस क्षेत्र का नया भाग्य लिख रहे हैं। आज इस क्षेत्र में अनेक आधुनिक मेडिकल सेवाएं मौजूद हैं। इसी कड़ी में भुज को आज एक आधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल मिल रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सिर्फ बीमारी के इलाज तक ही सीमित नहीं होती हैं, ये सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती हैं. जब किसी गरीब को सस्ता और उत्तम इलाज सुलभ होता है, तो उसका व्यवस्था पर भरोसा मजबूत होता है। देश में आज दर्ज़नों एम्स के साथ अनेक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। देश के हर ज़िले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का लक्ष्य हो या फिर मेडिकल एजुकेशन को सबकी पहुंच में रखने के प्रयास,इससे आने वाले 10 साल में देश को रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं।उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना और जनऔषधि योजना से हर साल गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के लाखों करोड़ रुपए इलाज में खर्च होने से बच रहे हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीज़ों की सुविधाएं और बढ़ेगी। बता दें कि भुज के इस अस्पताल में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी (कैथलैब), कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, रेडिएशन मेडिकल ऑन्कोलॉजी,सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूक्लियर मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी, जॉइंट रिप्लेसमेंट और प्रयोगशाला तथा रेडियोलॉजी जैसी अन्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

# राज्यों के साथ मिलकर प्रभावी कार्य कर रही है मोदी सरकारः नरेन्द्र सिंह

## एसडीजी वेबसाइट लॉचिंग के साथ केंद्रीय मंत्री तोमर द्वारा चित्रकूट में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- चित्रकूट।** संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास के लक्ष्यों पर, चित्रकूट में दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा आयोजित प्रथम त्रिदिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ शुक्रवार को दीनदयाल परिसर के विवेकानंद सभागार में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रभावी कार्य कर रही हैं।


केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं म.प्र. व उ.प्र. सरकार तथा संयुक्त राष्ट्र की संस्था हेल्थ इनोवेशन एक्सचेंज- यूएनएड्स के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि श्री तोमर ने कहा किभारत ने दुनिया को अनेक विधाएं दी है- अंकगणित, जीरो आदि इसके उदाहरण हैं। हमारे पास सब कुछ था, तभी भारत में लुटेरे आए लेकिन कहीं न कहीं कुछ कमी थी, जो सतत विकास के लक्ष्य आज आजादी के अमृत महोत्सव तक भी पूरे नहीं हो सके। अब यशस्वी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विभिन्न केंद्रीय योजनाएं उन समस्त लक्ष्यों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सतत विकास के लिए निर्धारित किए गए हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम जैसे बड़े कार्यक्रम भी लागू किए गए हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए आजीविका की दृष्टि से 70 लाख स्वयं सहायता समूहों से 8 करोड़ महिलाएं जुड़ी है, जिन्हें 5 लाख करोड़ रुपये का लोन दिया जा चुका है। उन्होंने ऐसी केंद्रीय योजनाओं की जानकारी देकर सतत विकास लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया।

श्री तोमर ने कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट में आना हम सभी को अच्छा लगता है, क्योंकि यहां धरा की पावनता ऐसी है, यह श्रद्धा का केंद्र है। चित्रकूट में श्री नानाजी देशमुख ने दीनदयाल शोध संस्थान केंद्र स्थापित किया।श्रद्धेय नानाजी हमारे बीच नहीं है परंतु उनकी संवेदनाएं, ग्राम विकास कार्यों के लक्ष्य व चुनौतियों का सामना करने की दृढ़ता हमारे समक्ष है। यह क्षेत्र दुर्गम-दूरस्थहै लेकिन यहां सतत विकास लक्ष्यों के लिए कार्य हो रहा है। चित्रकूट क्षेत्र में राज्य सरकार, दीनदयाल शोध संस्थान व अन्य संस्थाएं समस्याओं सुलझाने के लिए काम कर रही हैं। नानाजी का कथन था 'मैं अपने लिए नहीं, अपनों के लिए हूं, अपने वे हैं जो पीड़ित व उपेक्षित हैं'। चित्रकूट व गोंडा के प्रकल्प नानाजी की दूरदृष्टि का परिणाम है। नानाजी का संकल्प गांवों में परिलक्षित होता दिखाई देता है, उसमें पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन का समग्र चिंतन निहित है। पंडित दीनदयाल जी ने अंत्योदय की बात कही थी।

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश राज्यनीति एवं योजना आयोग के उपाध्यक्षडा. सचिन चतुर्वेदी ने मुख्य उद्बोधन में कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के माध्यम से भारत के विकास का नया खाका तैयार होगा। वर्ष 2014 के पश्चात संयुक्त राष्ट्र ने यह प्रस्ताव रखा था, जिस पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने न्यूयॉर्क में हस्ताक्षर किए थे। विकास के सतत लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय विकास को बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। देश में वर्ष 2014 से विशेष रूप से उद्यमिता विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान देश डटकर मुकाबला कर सका। सभी संस्थाएं आपस में मिलकर सतत विकास के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है।

डॉ.चतुर्वेदी ने कहा कि भारत की सनातन सोच है, सब एक-दूसरे से प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन में दवाई, श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति, अफ्रीकी देशों में वैक्सीन कार्यक्रम अनेक ऐसे उदाहरण हैं, जो भारत की अंतरराष्ट्रीय पहल को दर्शाते है, जिसमें वसुधैव कुटुंबकम का भाव है।? मनुष्य व पर्यावरण अलग अलग नहीं है, यह भारत की सनातनी संस्कृति है, जबकि पश्चिमी देशों के विकास ने प्रकृति का दोहन किया है। पिछले 7 वर्षों में सतत विकास लक्ष्य को लेकर विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का शुभारंभ हुआ है, जिसमें आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन-धन योजना, कृषि एवं पर्यावरण पर शेष पृष्ठ 7 पर...

# मुख्यमंत्री चौहान को काव्य संग्रह एवं स्केच भेंट किया



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज निवास पर जबलपुर के कक्कड़ परिवार ने भेंट की। मुख्यमंत्री चौहान को स्व. विशाल कुमार कक्कड़ के काव्य संग्रह ÷क्षितिज का कचनार÷ की प्रति भेंट की गई। साथ ही स्व. कक्कड़ के पुत्र युवा चित्रकार अनिकेत कक्कड़ ने मुख्यमंत्री चौहान का पेंसिल से उकेरा स्केच भी भेंट किया। श्रीमती कुसुम कक्कड़, श्रीमती आराधना कक्कड़ और तुषार कक्कड़ उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री चौहान ने स्मार्ट सिटी पार्क में लगाए पौधे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज स्मार्ट सिटी पार्क में प्रतिभा फाउंडेशन भोपाल के पदाधिकारी श्रीमती धृति सोनी, श्री योगेश वर्मा, श्रीमती प्रतिभा चौकसे और श्रीमती रौली वर्मा के साथ पौध-रोपण किया। पूर्व विधायक श्री राजेन्द्र सिंह राजपूत भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हरसिंगार और करंज के पौधे लगाए। फाउंडेशन अनेक वर्ष से पर्यावरण-संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। साथ ही दो आँगनवाड़ी केंद्र गोद लेकर उन्हें सुविधायुक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। आँगनवाड़ी में पानी की टंकी, शू रेक, कुर्सियाँ, वजन लेने की मशीन, खिलौने और पुस्तकों के लिए अलमारी की व्यवस्था की गई है।

# गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री आवास योजना में 201 हितग्राहियों को दी डेढ़ करोड़ की राशि

**भोपाल।** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने आज दतिया के वृंदावन धाम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 201 हितग्राहियों को आवास हेतु 1 करोड़ 50 लाख रूपये की राशि के चेक प्रदाय किए। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि किसी भी गरीब आवासहीन को आवास से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। सभी पात्र आवासहीनों को 2024 तक आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा को 15 अप्रैल को जन्म-दिवस होने पर राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों, जन-प्रतिनिधियों, ग्रामीणजनों एवं सभी वर्गों ने पुष्पहार एवं पुष्प-गुच्छ भेंट कर जन्म-दिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।



गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि ऐसे परिवार जिनका स्वयं का आवास नहीं है और किराए के मकान में रह रहे हैं, उन सभी आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना में वर्ष 2024 तक आवास उपलब्ध कराया जाएगा। जिले में दस दिन में सर्वे की कार्यवाही कर शेष रहे पात्र हितग्राहियों के नाम डीपीआर में शामिल किये जायेंगे। डॉ. मिश्रा ने भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही के लिए जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए। गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गरीबों की तकलीफ को नजदीक से देखा और महसूस किया है। इसके लिए गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएँ बनाई गई हैं, जिनमें से कुछ योजनाएँ पूर्व सरकार ने बंद कर दी थी। उन्हें हमने पुनः शुरू किया है। गृह मंत्री ने कहा कि जो बहन-बेटियाँ सिलाई का कार्य करती हैं, उन्हें स्व-रोजगार से जोड़ने हेतु निःशुल्क सिलाई मशीन के साथ प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

**101 कन्याओं को सहायता राशि के दिए चेक, 20 मई को होगा सामूहिक विवाह**

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने दतिया के वृंदावन धाम में आयोजित कार्यक्रम में 101 कन्याओं को विवाह सहायता राशि के चैक वितरित किये और शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने कहा कि जिले में समाज के सभी वर्गों की कन्याओं के सामूहिक विवाह का भव्य कार्यक्रम 20 मई 2022 को जिला मुख्यालय पर स्टेडियम में किया जाएगा।

# मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है

## डॉक्टर जमाल नहीं डॉक्टर कमाल हैं वे





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** मैं उल्लेख कर रहा हूँ इस उपदेश पर जो पूर्ण रूप से चलते हैं उस शख्सियत की वह रियल हीरो हैं डॉ. जमाल यूसुफ। इनके नाम को आज किसी परिचय की आवश्यकता नहीं, आत्मविश्वास सादगी और सज्जनता सरलता के साथ संवेदनशीलता यह इनकी खूबसूरती है। वैसे तो में डॉक्टर जमाल साहेब को पिछले 20 वर्षों से जनता हूँ जब मेरे चाचाजी स्व. केशवदास अग्रवाल को कार्डियक प्रॉब्लम हुई थी, तब डॉ. जमाल यूसुफ ने ही उनकी एंजयियोप्लास्टी की थी उसके बाद मेरे पिताजी स्व. गोपालदास अग्रवाल को न्यूरो की प्रॉब्लम हुई तब डॉक्टर साहब की फील्ड नही होने के बाबजूद भी डॉक्टर साहब ने मेरी मदद अन्य डॉक्टर से चेकअप के लिए मदद कर मेरे पिताजी की उचित चिकित्सा मिल पाए उसके लिए अमूल्य सहयोग किया था। हाल ही में मेरे मित्र संजीव अग्रवाल कुक्कू को कार्डियक प्रॉब्लम हुई तब उनका व्यवहार उनके प्रति ऐसा था कि जैसे वह उनके पुराने मित्र हो ओर आज वह स्वस्थ होकर हम सभी के बीच मे सकुशल लौटे हैं।

मेरे बड़े भाईसाहब ग्वालदास अग्रवाल को कार्डियक प्रॉब्लम हुई और इत्तफाक से डॉ. जमाल यूसुफ का ग्वालियर आगमन हुआ और मैंने रिपोर्ट्स के साथ उनसे संपर्क किया, तब उन्होंने आत्मविश्वास भरा आश्वासन मुझे दिया तब मुझे जैसे अंधेरे में उजाला दिखाया जिससे मेरी ओर मेरे परिवार की हिम्मत जैसे 100 गुनी बढ़ गई। हालांकि इस दौरान अपोलो हॉस्पिटल के कार्डियोलोजिस्ट डॉ. अभिषेक शर्मा, डॉ. रवि डालमिया और JAH के डॉ. पुनीत रस्तोगी, डॉ. राम रावत, डॉ. कवि गौरव ने भी उचित मार्गदर्शन देकर हमे हिम्मत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। इसके साथ ही कार्डियक प्रॉब्लम प्रारम्भ होने के साथ ओर हमेशा की तरह निरन्तर जो सहयोग डॉ. पुखराज गौड़ जो मेरे भाईसाहब के मित्र भी है उन्होंने प्रदान किया उसे भी शब्दों में उकेर पाना मेरे बस में नहीं है। मैं जब डॉ. यूसुफ जमाल के पास दिल्ली पहुंचा तो मेरे दिल्ली GB पंत में एडमिशन से लेकर एंजोप्लास्टी कर डिस्चार्ज होने तक जो संवेदनशीलता दिखाई उसे यहां लिखपाना मेरे लिए ही नही हरेक मेरे जैसे इस परिस्तिथि को सामना करने वाले के लिए असम्भव है। डॉ. जमाल यूसुफ का यह व्यवहार मेरे लिए ही नहीं अपितु हर रोगी के प्रति ऐसा ही है और ग्वालियर वाला अगर इस परेशानी का सामना करता है तो ऐसे ही महसूस करता है कि डॉ. जमाल उनके बहुत पुराने परिचित हैं और वह ह्रदय रोगी के प्रति जो सहानुभूति दिखाते हैं उससे ह्रदय रोगी की बीमारी जैसे गायब हो जाती है। मैं डॉ. जमाल यूसुफ को जन्म से नहीं कर्म से महान मानता हूं और उनके माता पिता को जरूर फक्र होगा कि उन्होंने ऐसे पुत्र को जन्म दिया जो केवल उनका पुत्र ही नहीं अपितु लाखों लोगों के लिए पुत्र भाई और दोस्त के समान होकर मानवता का मसीहा है।

डॉ. जमाल यूसुफ को ऊपरवाला उनकी शक्ति संवेदनशीलता आत्मीयता ओर मानवता को इसी तरह बनाये रखते हुए भारत सरकार उन्हें भारत रत्न से नवाजे यह में विनती करता हूँ और इसकी कामना भी करता हूँ।

आप सभी से अनुरोध भी करता हूँ कि यदि आप मेरी बात से सहमत हो दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति तक यह बात पहुचाने के लिए इसे शेयर करें। डॉ. जमाल यूसुफ डॉक्टर नहीं फरिश्ता हैं।

**प्रस्तुति**

**प्रवीण अग्रवाल, ग्वालियर**

# भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी की मित्रता प्रेम की पराकाष्ठा का अनुपम उदाहरणः डॉ. श्यामसुन्दर शास्त्री

## सुदामा चरित्र की कथा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन





मुरैना। रामनगर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथावाचक डॉ. श्यामसुन्दर शास्त्री जी से दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह के प्रधान संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे ने सौजन्य भेंट कर उनका पुष्पहारों से आत्मीय अभिनंदन किया तथा अखबार की प्रति सप्रेम भेंट की।






**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** रामनगर स्थित सीताराम वाली गली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को समापन हो गया। यहां पर कथा का वाचन सुविख्यात भागवताचार्य पं. डॉ. श्यामसुन्दर शास्त्री वृन्दावन धाम (भितरवार वालों) द्वारा किया गया। कथा की परीक्षत श्रीमती जानकी देवी-स्व. श्री ओमप्रकाश डण्डौतिया, श्रीमती गिरजेश-राधारमण (राजा) डण्डौतिया थे।

कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए डॉ. शास्त्री जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के कष्ट दूर करने के लिए सदा तत्पर रहते हैं। बस जरूरत इस बात की है कि भक्त ईश्वर की शरण में जाए। उन्होंने सुदामा चरित्र की कथा सुनाते हुए कहा कि सुदामा जी व भगवान श्रीकृष्ण अनन्य मित्र थे। वे संदीपनी जी के आश्रम में साथ-साथ पढ़े हुए थे।एक दिन आश्रम में



सुदामा जी भगवान के चना खा जाते हैं। यहीं से उनके जीवन में अभिशप्तता प्रारंभ हो जाती है। भगवान द्वारिका आ जाते हैं। सुदामा जी अपनी नगरी में गुरबत के दिन काट रहे हैं। एक दिन सुदामा जी की धर्मपत्नी उन्हें द्वारिका जाने के लिए बड़ी मुश्किल से तैयार करती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की शरण में जाने के लिए जीवात्मा बड़ी मुश्किल से तैयार होता है, लेकिन जब तैयार हो जाता है तो उसे ईश्वर की प्राप्ति हो जाती है। सुदामा जी इसका उत्कृष्ट उदाहरण हैं। सुदामा जी अनेक तरह की परेशानियों को झेलते हुए द्वारिका पहुंच जाते हैं और द्वारपाल को अपना पूरा परिचय देते हैं। जब द्वारपाल महल में जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि एक फटेहाल ब्राह्मण अपने आपको आपका मित्र बता रहा है अपना नाम सुदामा बताता है। इतना सुनते ही भगवान श्रीकृष्ण नंगे पैर अपने सिंहासन को छोड़कर महल के द्वार की ओर दौड़कर आते हैं। डॉ. शास्त्री जी ने कहा कि यदि भक्त ईश्वर प्राप्ति की दिशा में कुछ कदम बढ़ाता है तो भगवान उसकी ओर दौड़कर आते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान सुदामा जी को महल में ले जाकर अपने हाथों से उनके पैर धोते हैं। यहां पर भगवान के नेत्रों से अविरल अश्रु धारा बह रही होती है। यह ईश्वर और भक्त के प्रेम की पराकाष्ठा है। जहां ईश्वर खुद अपने भक्त के पैर धो रहे हैं। बाद में भगवान श्रीकृष्ण भाभी द्वारा प्रदत्त तीन मुट्ठी चावल खाते हैं और अप्रत्यक्ष रूप से सुदामा जी को तीनों लोकों का ऐश्वर्य प्रदान कर देते हैं।

# भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल है : शेजवलकर

## भाजपा ने किया अनुसूचित जनजाति वर्ग की प्रतिभाओं का सम्मान

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल है। देश के 18 राज्यों में हमारी सरकार है। 303 सांसद हैं। देश की मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। उक्त उद्गार सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने सामाजिक न्याय पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा ग्वालियर महानगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

सांसद श्री शेजवलकर ने कहा कि कभी व्यापारियों की पार्टी कही जाने वाली भाजपा आज सर्वहारा वर्ग की पार्टी है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया। उज्जवला योजना के माध्यम से हर घर में सिलेण्डर पहुंचाने का काम किया। आयुश्मान भारत योजना के तहत गरीबों को निशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की। कन्यादान योजना के माध्यम से गरीब कन्याओं की विवाह की व्यवस्था की। भाजपा की योजना किसी एक वर्ग के लिए नहीं है बल्कि समाज के सभी वर्गों के लिए है जो हमारे देश के प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय का कारण भी है। जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि कोविड काल के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जरूरतमंदों को कई प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई, जिस व्यक्ति को चिकित्सा की जरूरत थी हमारे कार्यकर्ता ने उसे उपलब्ध कराई। ग्वालियर जिले में 50 हजार वैक्सीनेशन के लक्ष्य को भी हमने प्राप्त किया, क्योंकि भाजपा का कार्यकर्ता तन-मन से अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा था।

उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल से 20 अप्रैल तक चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाडे के तहत हमने सभी वर्गों के बीच जाकर सेवाभाव का कार्य कर रहे हैं चाहे वह रक्तदान की बात हो या समाज की प्रतिभाओं की सम्मान की बात हो। इस अवसर पर रामवीर तोमर, शैली शर्मा, केशव मांझी, महेश उमरैया, आरके गुप्ता, हंसराज तलरेजा, मुरारीलाल मित्तल, रमेश पटारिया, बंसत पुरोहित, केशव राजपूत, विपुल जैन, नन्नूमल गोडिया, संतोश मांझी, राकेश बाथम, अंकित मण्लोई, जय बाथम, डॉ कोमल सिंह, डॉ अभिशेक सिंह, विशाखा बाथम, मनीश मांझी, आकाश बाथम आदि उपस्थित थे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिलना चाहिये : कुशवाह

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में जुड़े नए वार्डो सहित ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सभी गाँवों में सीमांकन, नामांतरण व बटबारा के प्रकरणों का निराकरण समयबद्ध कार्यक्रम के तहत करें। साथ ही सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने से कोई भी पात्र परिवार छूटे नहीं। इस आशय के निर्देश उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह ने संबंधित अधिकारियों को बैठक लेकर दिए।

शुक्रवार को यहाँ व्हीआईपी विश्राम गृह मुरार में आयोजित हुई बैठक में राज्य मंत्री श्री कुशवाह ने



क्षेत्र के सभी क्षेत्रीय एसडीएम को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ अभियान बतौर सभी पात्र किसानों को दिलाएँ। इन योजनाओं पर सरकार का विशेष फोकस है, अतः किसी प्रकार की ढिलाई न हो। जनहितैषी मुद्दों को लेकर हुई राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की इस बैठक में अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। बैठक में एसडीएम लश्कर अनिल बनवारिया, एसडीएम ग्वालियर सिटी प्रदीप सिंह तोमर, एसडीएम मुरार अशोक चौहान व एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण पुष्पा पुषाम समेत राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



# झाँसी की बेटी ने ग्वालियर में गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**झांसी।** ग्वालियर में हुई जनपदीय स्कूल्स की ताईक्वाण्डो प्रतियोगिता में झाँसी की बेटी अनन्या राय ने गोल्ड मेडल जीतकर कीर्तिमान बनाया। झाँसी के व्यापारी नेता राजीव राय की बेटी अनन्या ग्वालियर में सिंधिया कन्या विद्यालय की छात्रा हैं। इसके पहले अनन्या ने यहां जय अकेडमी में शिक्षा प्राप्त की।

# निर्बाध रूप से मिलेगी सभी को बिजली : ऊर्जा मंत्री तोमर

## सरकार हर सुख-दुख में आपके साथ : सांसद शेजवलकर

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 2 करोड 16 लाख की लागत से बनाये गए नवीन 33/11 केव्ही उपकेन्द्र सेवा नगर का लोकार्पण करते हुए कहा कि क्षेत्र में आये दिन विद्युत की समस्या रहती थी, बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से तो निजाद मिलेगी ही साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों को छोटी से छोटी समस्या के लिये फूलबाग सब स्टेशन नहीं जाना पडेगा।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि सेवानगर, लोहामंडी, किला गेट, गुदडी, नूरगंज, रमटापुरा, गंज आदि क्षेत्रो में सर्दी व गर्मी में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या अधिक हो जाती थी। क्षेत्र के लगभग 4 से 5 हजार परिवारों को इस सब स्टेशन का लाभ मिलेगा।

साथ ही कहा कि ग्वालियर महानगर के 61 हजार उपभोक्ताओं के 165 करोड़ रूपए का बिजली बिल माफ किया गया है। उपनगर ग्वालियर के 28 हजार 49 उपभोक्ताओं के 100 करोड 58 लाख रूपये के बिल माफ किये हैं। शिविर में फूलबाग जोन के 2409 उपभोक्ताओं के 3 करोड 29 लाख रूपये के बिल माफ किये हैं। इस प्रकार के शिविर निरंतर आयोजित कर उपभोक्ताओं को बिल माफी के प्रमाण पत्र वितरित किये जा रहे हैं।



सांसद विवेक नारायण शेजवलकर ने कहा कि नये सब स्टेशन बनने से विद्युत की उपलब्धता व गुणवत्ता में भी सुधार आयेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब आमजन के काम धंधे बंद हो गए थे वह काफी परेशान थे। उनकी इस परेशानी को समझा उनके कोरोना काल के बिल माफ किये साथ ही 80 करोड लोगों को फ्री राशन दिया एवं सभी को निशुल्क वैक्सीन लगाई। केन्द्र व प्रदेश की सरकार गरीबों की सरकार है, उनके हर सुख -दुख में उनके साथ खडी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष कमल माखीजानी ने कहा कि ग्वालियर का सौभाग्य है कि आपको एक जनसेवक मिला है जो आपकी दिन रात सेवा करता है। इस अवसर पर केशव मांझी, दिनेश सिकरवार, सुरेन्द्र चौहान, त्रिलोक शर्मा, महेश गोतम, उमेश गुप्ता, मनमोहन पाठक, महेश उमरैया, मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता, प्रबंधक विनोद कटारे, उपमहाप्रबंधक पीके हजेला सहित जनप्रतिनिधिगण एवं क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली को मिला शब्दऋषि सम्मान



-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**इंदौर।** वरिष्ठ पत्रकार देव श्रीमाली को शुक्रवार को रवींद्र नाट्यगृह में स्टेट प्रेस क्लब द्वारा आयोजित भारतीय पत्रकारिता महोत्सव में नरेश मेहता स्मृति शब्दऋषि सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान 14 अन्य पत्रकारों को भी दिया गया । श्रीयुत श्रीमाली को यह सम्मान कोरोना काल मे दिवंगत पत्रकारों पर आधारित उनकी बहु चर्चित पुस्तक बिछड़े कई बारी बारी के लिए दिया गया। उन्हें यह सम्मान शांति के नोबल सम्मान विजेता कैलाश सत्यार्थी, मप्र सरकार के सिंचाई मंत्री तुलसी सिलावट ने मप्र साहित्य परिषद के संचालक विकास दवे और देश के अनेक वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में प्रदान किया गया।

## शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं जलाभिषेक अभियान के संबंध में बैठक 18 अप्रैल को

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** कलेक्टर बी. कार्तिकेयन की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं जलाभिषेक अभियान के संबंध में बैठक 18 अप्रैल को अपरान्ह 2.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित की गयी है, जिसमें आयुक्त नगरनिगम, समस्त एस.डी.एम, पी.ओ.डूडा, समस्त सी.एम.ओ नगरपालिका, समस्त इंजीनियर नगरपालिका/नगरनिगम उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने महिलाओं को उनका स्थान दिलाने का प्रयास किया: गिरजा गर्ग

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** संकल्प सिद्धि सामाजिक संस्था की अध्यक्ष गिरजा गर्ग ने कहा है कि संविधान के रचयिता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म इंदौर के पास महू में 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। महू को मध्य प्रदेश सरकार ने सामाजिक समरसता के तीर्थ के रूप में विकसित किया है। बाबा साहब ने दलित और शोषित वर्ग समाज के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित किया। ऐसे हमारे बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को मैं नमन् करते हैं और मैं अपने शब्दों में बाबा साहेब की बात



को कहती हूं कि बाबा साहेब ने हमेशा देश को पहले रखा है। बाबा साहेब ने ही हम महिलाओं को जीने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर हमेशा समाज के दलित, शोषित पीड़ित वर्ग के लिए संघर्षरत् रहे। उन्होंने इसी वर्ग के उत्थान के लिए भारतीय संविधान में विशेष व्यवस्थायें कीं। इसी का परिणाम है कि आज यह वर्ग अपनी सामाजिक व आर्थिक दिशा में दिनोंदिन तरक्की करता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलकर समाज में समरसता का भाव पैदा कर सकते हैं।

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
मध्यप्रदेश शासन



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जीवन के हर कदम पर थामा है श्रमिकों का हाथ



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जीवन पर्यंत सहायता का साधन। प्रसूति, चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य और विवाह के अवसर पर मिल रही सहायता से श्रमिक वर्ग को मिल रहे आगे बढ़ने के अवसर। अन्त्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता से परिवार को सहारा।

म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल

- पिछले दो वर्षों में 13.33 लाख पंजीकृत श्रमिकों में से 2,46,352 हितग्राहियों को मिली 886 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता।
- पात्र हितग्राहियों को प्रसूति सहायता, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 5 लाख रुपये तक की नि:शुल्क चिकित्सा, शिक्षा प्रोत्साहन, अन्त्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता का लाभ।
- पंजीकृत महिला श्रमिक एवं पंजीकृत श्रमिक की दो पुत्रियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हितलाभ।

मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना

- पिछले दो वर्षों में 1.42 करोड़ पंजीकृत श्रमिकों में से 1,83,766 हितग्राहियों को मिली 1491 करोड़ रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता।
- पात्र हितग्राहियों को प्रसूति सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, अन्त्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता का लाभ।
- संबल 2.0 के अंतर्गत असंगठित श्रमिकों एवं तेंदूपत्ता श्रमिकों के नवीन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ।
- आवेदक द्वारा पंजीयन एवं हितलाभ हेतु आवेदन, जांच, स्वीकृति एवं हितलाभ वितरण तथा अपील की सम्पूर्ण सुविधा ऑनलाइन होगी।

D11018/22

श्रम विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2022

स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

# खेल परिसर धवर्रा रहा परिणय यज्ञ का साक्षीः कमल पटेल

## पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने 26 कन्याओं का विवाह कर पुनीत कार्य किया: विश्वास सारंग

### - वेद मंत्र और बुन्देली गायन के बीच दुल्हनों ने पहनायी वरमाला, - ग्राम धवर्रा में शिव-पार्वती के विवाह जैसा रहा आयोजन













-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**छतरपुर।** नौगांव शहर के नजदीकी ग्राम उप्र के धवर्रा में शुक्रवार को पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास की प्रेरणास्त्रोत एवं सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र की माताश्री श्रीमती शांति मिश्रा के पांचवें स्मृति दिवस के अवसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। ग्राम धवर्रा के पं. गणेश प्रसाद मिश्र खेल परिसर में सभी वर्गों के निर्धन एवं वंचित परिवारों से आयीं 26 कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में शिव-पार्वती के विवाह जैसा सौंदर्य देखने को मिला। आयोजन में न्यास के सदस्यों द्वारा वर-वधू परिवारों का स्वागत कर उन्हें आकर्षक गृहस्थी की सामग्री भेंट की गई। खेल परिसर में बनाए गए 26 मण्डपों में वेद मंत्रों और बुन्देली गायन के बीच वर-वधू ने फेरे लिए एवं एक-दूसरे को सामूहिक त्रिस्तरीय मंच पर पुष्प वर्षा करते हुये वरमाला पहनाई।

न्यास के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्र ने बताया कि सेवा न्यास निरंतर सामाजिक कार्यों में संलग्र रहकर हर वर्ष इस तरह के आयोजन करता है। इस वर्ष उन्होंने 25 बेटियों के विवाह का संकल्प लिया था लेकिन ईश्वर की कृपा से माताजी की पुण्यतिथि पर न्यास के द्वारा 26 बेटियों को विवाह उपरांत विदा किया गया।

***बारात का एक किमी तक चला काफिला***

सर्वप्रथम सुबह 8 बजे सभी बारातें धवर्रा मंदिर से एक साथ प्रारंभ हुईं। सभी दूल्हे एक जैसी वेशभूषा में घोड़े पर सवार होकर धवर्रा के खेल परिसर पहुंचे। रास्ते में डॉ. राकेश मिश्र के द्वार नीलकंठ धाम पर सभी दूल्हों का तिलक व राशि दी गई।इसके बाद खेल परिसर के बाहर ही घोड़ों पर पंडितों ने मंत्रोच्चार कर द्वार चार की रस्म करायी। इन वर-वधू के परिवारों का जलपान के साथ स्वागत किया गया। परिसर में बने अलग-अलग 26 मण्डपों में वेदिकाओं पर बैठकर समाज की परम्परानुसार फेरे कराये गये।आचार्य रमाकान्त पटैरिया श्री शंकर्षणाचार्य महाराज भीमकुण्ड के मागदर्शन में पुरोहितों के द्वारा वैदिक रीतिरिवाज से विवाह सम्पन्न कराए गए।

***आयोजन के अतिथियों ने की सेवाभाव की सराहना***

ग्राम -धवर्रा में आयोजित इस अनूठे विवाह समारोह में मप्र और उप्र के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उप्र सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि यह आयोजन सेवाभाव की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि डॉ. राकेश मिश्र जी और मैंने एक साथ विद्यार्थी परिषद में काम किया है। उनका सेवाभाव निश्चित ही सीखने योग्य है। उन्होंने कहा कि ग्राम धवर्रा से उप्र के किसी भी जिले तक यात्री बस चलाने की आवश्यकता से जुड़ा कोई विषय यदि मेरे पास लाया जाएगा तो इसे सहर्ष स्वीकृति दी जाएगी। मप्र के कृषि मंत्री कमल पटेल ने कहा कि किसी भी माता-पिता के लिए यह सबसे सुखद बाद होती है कि उनके बच्चे उनके पदचिन्हों पर चलकर सेवा के कीर्तिमान रचें। आज स्व. गणेश प्रसाद मिश्र और स्व. श्रीमति शांति मिश्र जहां भी होंगे निश्चित ही इस आयोजन को देखकर उन्हें प्रसन्नता हो रही होगी। उन्होंने न्यास के द्वारा सतना में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा भी की। उन्होंने न्यास से अपील करते हुए कहा कि गायों की सेवा के विषय में भी न्यास रणनीति तैयार करे। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने भी उक्त आयोजन की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि यह बारीकी तैयारियों को देखकर मैं अभिभूत हूँ ।सेवा का संकल्प इनके पूज्य पिताजी से प्राप्त हुआ है।कार्यक्रम में डॉ. राकेश मिश्रा ने न्यास के द्वारा किए जा रहे कार्यों को विस्तार से सभी के समक्ष रखा। आयोजन में किसान मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी, कॉपरेटिव अध्यक्ष चक्रपाणी त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष जे.के सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह, मप्र पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष व बड़ामलहरा विधायक प्रद्युम्र सिंह, महाराजपुर विधायक नीरज दीक्षित, चंदला विधायक राजेश प्रजापति, हटा विधायक पी.एल. तंतुवाय, महोबा विधायक राकेश गोस्वामी, बांदा विधायक प्रकाश द्विवेदी, यूपी के एमएलसी जीतेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व मंत्री ललिता यादव, पूर्व विधायक पुष्पेन्द्रनाथ पाठक ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में छतरपुर कलेक्टर संदीप जी आर, एसपी सचिन शर्मा, महोबा कलेक्टर मनोज सिंह, डॉ. अरविंद कुमार, संजीव कुमार, अनिल कुमार, सुधीर सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, शिवशंकर सिंह, बालेन्दु सिंह, चक्रपाणि त्रिपाठी सतना से मनीषा सिंह, रवि द्विवेदी,जान्हवी त्रिपाठी, राकेश सिंह, नितिन तिवारी, अरविंद सिंह पप्पू, विजय दुबे, रमेश ओझा, संकटा प्रसाद द्विवेदी, कुलदीप पांडे सहित दिल्ली, छत्तीसगढ, हरियाणा और यूपी के कई गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी भी सम्मिलित हुए। मंच संचालन विनीत रावत ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रतीक सक्सेना ने किया।

***कार्यक्रम की खास झलकियां***

पं. गणेश प्रसाद मिश्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अतिथियों ने की।

-विवाह समारोह अवसर पर बारातों की आगवानी उनकी वेशभूषा और बुन्देलखण्ड की परंपरा अनुरूप गायन ने सबका ध्यान खींचा।

-कार्यक्रम में पं. गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के कार्यों पर आधारित पांचवीं पत्रिका (पंचम पुष्प) का विमोचन किया गया।

-इस अवसर पर न्यास के द्वारा प्लास्टिक को रिसाइकिल कर पाउडर बनाने वाली मशीन को पंचायत को सौंपकर लोकार्पण कराया गया। इस मशीन से विवाह समारोहों में निकलने वाले खराब प्लास्टिक को खेतों में जाने से रोका जाएगा।

-आयोजन में शामिल हुए पुरोहितों, नाई एवं सभी सहायकों का भी शॉल-श्रीफल और नगद राशि देकर सम्मान किया गया।

दुल्हनों को विवाह के पूर्व सजाने के लिए ब्यूटी पार्लर की व्यवस्था की गई। उपहार में मंगलसूत्र, नाक की कील से लेकर संपूर्ण गृहस्थी 237 सामग्री सौंपी गई।

- सभी महानुभावों व कार्यकर्ताओं को भगवान धन्वन्तरि की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में प्रदान की

- सतना में संचालित ग्रीन एम्बुलेंस सबके लिये आकर्षण का केन्द्र रही।

# सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार जायसवाल ने लिखा आयुक्त उत्पाद को पत्र, बताईं समस्यायें

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**रांची।** सुबोध कुमार जायसवाल सामाजिक कार्यकर्ता ने झारखण्ड के आयुक्त उत्पाद को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य सरकार द्वारा मदिरा के संचयन का अनन्य विशेषाधिकार राज्य सरकार के निगम झारखण्ड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 को प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति में अधिसूचना संख्या 649 दिनांक 31-03-2022 का उल्लेख है। इस अधिसूचना के अधीन इस निर्णय को कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 'झारखण्ड मदिरा का भंडारण एवं थोक बिक्री नियमावली, 2022' का गठन किया गया है। दिनांक 06-04-2023 को राँची के दैनिक अखबार प्रभात खबर में प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उपर्युक्त निर्णय एवं तत्संबंधी नियमावली के संबंध में शिकायत/ सुझाव आमन्त्रित किये गए हैं।

मैं जनता का सदस्य और सामाजिक कार्यकर्ता हूँ और इस नाते आपका ध्यान इस ओर आकृष्ट करता हूँ कि जिस समाचार पत्र में यह प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित हुई है उसमें गठित नियमावली भी प्रकाशित की जानी चाहिए थी ताकि लोगों को नियमावली के उपबन्धों की जानकारी हो सके। गठित नियमावली संबंधी गजट को सार्वजनिक जानकारी हेतु न तो समाचार पत्र में प्रकाशित किया गया और न बिक्री के लिए रिलीज किया गया है क्योंकि गजट की प्रति बाजार में ऐसी सामग्री बेचने वाली दुकानों में उपलब्ध नहीं है। यह सर्वविदित है कि नियमावली को विभाग के वेबसाइट से डाउनलोड करने की सुविधा आम आदमी को उपलब्ध नहीं है। नियमावली की प्रति प्राप्त करने में मुझे पांच दिन लग गए और प्रेस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि के एक सप्ताह के भीतर ही शिकायत/ सुझाव समर्पित किये जाने हैं। यह उचित प्रतीत नहीं होता। लगता है विभाग द्वारा शिकायत/सुझाव आमन्त्रित करने की मात्र औपचारिकता निभायी जा रही है।

मैं निम्नलिखित शिकायत/ सुझाव भवदीय विचारार्थ प्रस्तुत कर रहा हूँ:-

(I) झारखण्ड मदिरा के भंडारण एवं थोक बिक्री नियमावली, 2022 के अवलोकन से यह मालूम पड़ता है कि झारखण्ड राज्यपाल द्वारा यह नियमावली झारखण्ड उत्पाद अधिनियम की धारा 89, 90, 16 एवं 20 के तहत बनायी गई है। मुझे झारखंड में लागू उत्पाद अधिनियम की जानकारी रखने वालों ने यह बताया कि झारखण्ड उत्पाद अधिनियम की धारा 90 राज्य सरकार को नियम बनाने की शक्ति प्रदान नहीं करता। धारा 16 एवं 20 में भी राज्य सरकार को नियम बनाने की शक्ति प्रदत्त नहीं है। मुझे यह भी जानकारी दी गई कि उक्त अधिनियम में शराब के भंडारण एवं थोक बिक्री के लिए नियम बनाने की शक्ति बोर्ड ऑफ रेवेन्यू को है। अखबारों में इस आशय का समाचार छपा था कि जब नियमावली का प्रारूप बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के समक्ष लाया गया तो उनके द्वारा कई बिन्दुओं पर आपत्तियां उठाई थी। इसलिए नियमावली के गठन का प्रस्ताव दुबारा उनके पास नहीं भेजा गया और विभाग द्वारा अदृश्य दबाव के कारण मंत्री परिषद के समक्ष गलत प्रस्ताव लाकर झारखण्ड उत्पाद अधिनियम की धाराओं को मिसकोट कर नियमावली पर मंत्री परिषद अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया। अस्तु पहली शिकायत यह है कि उक्त गठित नियमावली अधिनियम के उपबन्धों के अनुरूप नहीं है और उस प्राधिकार द्वारा बनायी गई है जिसे झारखण्ड उत्पाद अधिनियम मदिरा के भंडारण एवं थोक बिक्री से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर नियम बनाने की शक्ति प्रदान नहीं करता। अतः प्रथम दृष्ट्वा यह यह नियमावली अवैध और गलत है।

(II) प्रेस विज्ञप्ति में यह कहा गया है कि झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत झारखण्ड बेवरेजेज कॉरपोरेशन लि0 को मदिरा के संचय का अनन्य विशेषाधिकार दिया जाना है। झारखण्ड मदिरा का भंडारण एवं थोक नियमावली का नियम 3 यह कहता है कि मदिरा के संचय का अनन्य विशेषाधिकार झारखण्ड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटिड (JSBCL) को दिया जायेगा। दूसरी ओर नियम 2(i&) में संचयकर्ता शब्द की परिभाषा दी गई है जिसके अनुसार 'संचयकर्त्ता' से अभिप्रेत है वैसे व्यक्ति/कम्पनी/ फर्म, जिन्हें उत्पाद प्रपत्र 1ष्ट के तहत मदिरा के संचय की अनुज्ञप्ति निर्गत की गई हो। नियमावली के इन दोनों उपबन्धों में प्रत्यक्ष विरोधाभास है।

(III) नियमावली के नियम 2(×) में 'थोक विक्रेता शब्द को इस प्रकार परिभाषित किया गया है-'थोक विक्रेता' से अभिप्रेत है वैसे संस्थान, जिन्हें उत्पाद प्रपत्र 1D में मदिरा की थोक बिक्री की अनुज्ञप्ति प्रदान की गई हो। संस्थान एक व्यापक पद है, जिसमें कंपनी, फर्म, निगम, निजी क्षेत्र के उपक्रम, चाहे वे कम्पनी अधिनियम के अधीन पंजीकृत हों या नहीं, सम्मिलित हैं जबकि नियमावली के अनुसार मदिरा की थोक बिक्री की अनुज्ञप्ति केवल उन्हीं कम्पनी को दी जाएगी जो कम्पनी अधिनियम के अधीन पंजीकृत और संचालित हैं। प्रपत्र 1ष्ठ में क्रमांक 1 पर अनुज्ञप्तिधारी का नाम और क्रमांक 2 पर अनुज्ञप्तिधारी के पिता का नाम लिखा जाना है। क्या इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि कोई निजी व्यक्ति भी प्रपत्र 1ष्ठ में मदिरा की अनुज्ञप्ति प्राप्त कर सकता है? नियम 9(ii) में थोक विक्रेता द्वारा मदिरा के संचय की बात कही गई है।

(द्व1) मुझे यह सूचना है कि मंत्रिपरिषद के समक्ष लाये गए प्रस्ताव में यह प्रावधान था कि उत्पाद कर भुगतान थोक अनुज्ञाधारी द्वारा किया जाएगा लेकिन नियम 12 में यह उपबन्ध किया गया है कि थोक विक्रेता द्वारा गोदाम में non duty paid मदिरा के स्कंध का संचय किया जाएगा। यह उपबन्ध नीतिगत निर्णय के विरोध में है।

(1) इस प्रकार, झारखण्ड मदिरा के भंडारण एवं थोक बिक्री नियमावली न केवल झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के अधिकारातित है बल्कि बिल्कुल अस्पष्ट, अपारदर्शी एवं अवैध है।यह प्रतीत होता है कि झारखण्ड मदिरा के भंडारण एवं थोक बिक्री नियमावली, 2022 धोखे की टट्टी है। झारखण्ड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के बैनर तले मदिरा का सारा व्यापार निजी व्यक्तियों/ कम्पनियों/फर्मों द्वारा संचालित किया जायेगा।

(1i) यदि सरकार को यह लगता है कि निजी व्यवसायी अधिक मुनाफा कमाने पर ध्यान देते हैं या उनके द्वारा राजस्व का क्षरण किया जाता है तो सरकार पूर्ण रूप से मदिरा के व्यापार का सरकारीकरण करने पर विचार करना चाहिए न कि जनता की आँख में धूल झोंक कर पिछले दरवाजे से चहेते लोगों मदिरा का व्यापार सौंपने का प्रयास।

(1ii) मुझे इस निर्णय से कोई आपत्ति नहीं है कि मदिरा के संचय का अनन्य अधिकार झारखण्ड राज्य बेवरेजेज कॉरपोरेशन को दिया जा रहा है, आपत्ति इस बात को लेकर है इस नियमावली के बहाने अपने चहेते निजी व्यवसाइयों के हाथों मदिरा का व्यापार सौंपा जा रहा है।

मैं आशा करता हूँ कि प्रशासी विभाग मेरी आपत्तियों/ सुझावों पर विचार कर राज्य हित में एवं अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचने के लिए झारखण्ड उत्पाद अधिनियम के कानूनी योजना के अनुसार नियमावली का पुनर्गठन करेगा।

## आदेश जारीः नौकर रखने से पहले पुलिस को सूचना देना होगी, वरना कार्रवाई

**उज्जैन।** मकान व दुकान किराए पर देने से पहले थाने पर जानकारी देना होगी, नहीं तो मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई होगी। इसके लिए गुरुवार को प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेश के तहत किराएदारों की सूचना संबंधित मकान, दुकान मालिक द्वारा संबंधित थाने पर प्रारुप में भरकर देना होगा। इसके पहले कोई भी परिवार मकान, दुकान किराए पर नहीं दे सकेंगे।

# समाजसेविका रश्मि राय ने किया प्रेरक पुस्तकों का वितरण




-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**गुरूग्राम।** प्रेरक किताबें वितरण या भाषण आपके जीवन पर एक सकारात्मक और आशावादी प्रभाव बनाते हैं। वे अपने आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद करते हैं।

शुक्रवार को श्रीमती रश्मि राय ऊँ टीम ने राव राम सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर 45, गुरुग्राम में प्रेरक पुस्तकों को वितरित किया। प्रेरक कहानी की किताब में नए विचारों को शुरू करके, एक बच्चे की कल्पना को विकसित करने में मदद करती है।

गौरी राय, ऊँ टीम ने बताया कि हम सभी कहानियों की तरह हैं क्योंकि वे मनोरंजक हैं। उनके पास कई अन्य अंतर्निहित लाभ हैं जैसे कि बच्चों के बीच भाषा कौशल, रचनात्मकता, सोच प्रक्रिया आदि विकसित करना। कहानी कहने के लिए परंपरागत रूप से ज्ञान, सूचना, विचारों, ज्ञान आदि को साझा करने और उन्हें पढ़ने के लिए इस्तेमाल किया गया था।

**किताबें पढ़ने के लाभ-**

आपको अधिक संवेदनशील बनाती हैं, आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है,



तनाव कम कर देता है, आपको बेहतर नींद आती है, बच्चों के लिए एक उदाहरण सेट करती है।

जगदीश यादव, चैयरमेन और श्रीमती संतोष धिमन प्रिंसिपल, राव राम सिंह पब्लिक स्कूल, ने श्रीमति रश्मि राय मैडम और ऊँ टीम के सभी सक्रिय सदस्यों को पुस्तक वितरण के लिए बहुत- बहुत धन्यवाद दिया।

आप सब को ज्ञात हो कि ऊँ टीम सक्रिय रूप से महिला और बाल-स्वास्थ्य और शिक्षा समाज कल्याण में काम कर रही है। ऊँ टीम हमेशा मानती है कि अच्छी किताबें पढ़ने से हमारे क्षितिज का विस्तार हो जाता है। पढ़ना आपको नए अनुभव और आनंद लेने के लिए नए और अलग-अलग चीजों के साथ परिचय देता है। पढ़ने के लिए इतने सारे विविध विषय हैं कि आप लगभग किसी भी विषय पर नए विचार व ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

ऊँ टीम पेरेंटिंग कोच, कैरियर काउंसलर, प्रेरक स्पीकर, सॉफ्ट कौशल (Soft Skill development) विकास जैसे-खेल, नृत्य, संगीत, योग और ध्यान, कला और शिल्प, चित्रकारी के कौशल विकास में कार्यरत् हैं।

अधिक मार्गदर्शन के लिए कृपया कॉल करें

ऊँ टीम

-9910629386

वेबसाइट-

https://rashmicarerecounsellor.com/

ईमेल- rashmichouksey79@gmail.com

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने हितग्राहियों को बांटे योजनाओं के कार्ड



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने अपने 38 नम्बर शासकीय कार्यालय पर उपनगर ग्वालियर के पात्र हितग्राहियों को राशन की पात्रता पर्ची, हाथठेला, कामकाजी, पेंशन के स्वीकृती पत्र वितरित करते हुए कहा कि हर जरूरतमंद को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए में प्रतिबद्ध हूँ। क्षेत्र के 15 हजार से अधिक परिवारों को राशन की पात्रता पर्ची दी जा चुकी है। इस अवसर जगत सिंह कौरव, शशी शर्मा, चंदू सैन, बच्चन किरार, सुधीर धनावत सहित विभिन्न वार्डों के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आज ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अपने कार्यालय पर वार्ड 1,2,3,4,5,33 एवं 36 के हाथठेला व कामकाजी 175, राशन की पात्रता पर्ची 558 व पेंशन 67 एवं आयुष्मान के 13 पात्र हितग्राहियों को मिलाकर कुल 813 कार्ड वितरित किये। इसके साथ ही कार्यालय पर आमजन अपनी-अपनी समस्यायें लेकर आये तो उनकी समस्या ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी बारी से सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यालय पर आने वाली समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया जाए। इस कार्य में लापरवारी वर्दाश्त नही की जायेगी।

इस अवसर उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक, सीवर व पेयजल क्षेत्र में हर तरफ विकास कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी कार्य किये जा रहे हैं। संजीवनी क्लीनिक, बिरला नगर प्रसूति ग्रह, बहोडापुर पर 30 बेडेड अस्पताल इसके साथ ही जहां जरूरत होगी वहां भी संजीवनी क्लीनिक खोली जायेंगीं। सुविधाओं के मामले में सिविल अस्पताल प्रदेश के टॉप 5 में पहुंच गया है।

# आधी रात को अज्ञात बदमाशों ने चाचा-भतीजे को गोली मारी

## घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिमरिया टांका का मामला

ग्वालियर। खेतों की रखवाली कर रहे चाचा-भतीजे को बाइक सवार दो बदमाश गोली मार कर भाग गए। घटना घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिमरिया टांका में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात की है। घटना के बाद हमलावर भाग गए। मामले का पता चलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को उपचार के लिए भेजकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घाटीगांव थाना क्षेत्र के सिमरिया टांका निवासी इस्लाम खान व शाहरूख खान चाचा-भतीजे हैं। बीती रात वह खाना खाने के बाद गेहूं की रखवाली करने के लिए दोनों खेत पर आए थे। रात करीब 12 बजे के लगभग एक बाइक पर दो युवक आए और उनके खेत के पास ही रुक गए। बाइक सवारों के रुकने पर इस्लाम व शाहरूख खान ने उन्हें आवाज लगाकर परिचय पूछा तो बाइक सवारों ने उन पर गोली चला दी। गोली चाचा-भतीजे के पैर में लगी। गोली मारने के बाद हमलावर बाइकों से भाग गए।

घटना का पता चलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल चाचा-भतीजे को उपचार के लिए जेएएच में भर्ती कराया। जहां पर उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

पुलिस घटना को संदेह की दृष्टि से देख रही है और पुलिस अफसरों का कहना है कि घटना के बारे में स्थानीय लोगों से पूछताछ में कोई जानकारी नहीं मिली है। वहीं ग्रामीणों का मानना है कि लुटेरे हो सकते हैं बाइक सवार, क्योंकि जिस तरह उन्होंने टोकते ही गोली मारी है, इस तरह हार्डकोर बदमाश ही गोली चला सकता है। वहीं बदमाशों की तलाश में पुलिस घटना स्थल के साथ ही हाइवे व अन्य संभावित स्थानों पर सर्चिंग कर रही है।

# सवा दो लाख रुपये का गांजा सहित दो तस्कर दबोचे

ग्वालियर। उड़ीसा से गांजा लेकर आए दो तस्करों को पुरानी छावनी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जलालपुर चौराहे के पास से पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों से 14 किलो गांजा कीमती करीब दो लाख दस हजार रुपए का बरामद किया है। पकड़े जाने से पूर्व तस्करों ने खुद को पुलिस से बचाने के लिए खेतों में दौड़ भी लगाई, लेकिन पुलिस ने उनका पीछा कर दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों से पूछताछ करना शुरू कर दी है।

टीआई पुरानी छावनी सुधीर सिंह कुशवाह ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो तस्कर गांजा लेकर आने वाले हैं। सूचना पर पुलिस की दो पार्टी तस्करों को दबोचने के लिए लगाईं, जिसमें उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, प्रधान आरक्षक ओकेश सिंह, मदन मोहन, मथुरा प्रसाद, आरक्षक रवि कुशवाह, नेतराम, विष्णु, अशोक को शामिल किया गया। पुलिस टीम जब जलालपुर पहुंची तो पुलिस को देखते ही वहां पर खड़े दो युवक पुलिस से बचने के लिए दौड़ने लगे। पुलिस को देखते ही एक युवक स्वर्ण रेखा नाले की तरफ तो दूसरा जलालपुर गांव की तरफ भागा, पुलिस ने दोनों आरोपियों का पीछा किया और दोनों को कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। एक की तलाशी में पुलिस को उसके पास से 7 किलो 800 ग्राम गांजा तो दूसरे से 6 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गांजा बरामद होते ही पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए तस्करों ने अपने नाम पुरनाचंद तंगुल तथा दूसरे ने अपना नाम सीताराम हंतल निवासी उड़ीसा बताया है।

पिछले एक माह में देखा जाए तो पुलिस ने करीब एक दर्जन से ज्यादा तस्करों को गांजे की खेप के साथ पकड़ा है। पकड़े गए तस्करों से पुलिस ने लाखों रुपए की गांजे की खेप पकड़ी है। पुलिस अफसरों की माने तो जिले में नशे का कारोबार करने वाले एक भी तस्कर को छोड़ा नहीं जाएगा और पुलिस लगातार कार्रवाई कर तस्करों को पकड़ेगी।

**इनका कहना**

पुरानी छावनी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो तस्करों को जलालपुर चौराहे के पास से पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर उड़ीसा के रहने वाले हैं जिनसे पूछताछ की जा रही है।

**- राजेश डंडोतिया, एएसपी**

# हाइवे पर हादसा, सैलून संचालक की मौत, दोस्त घायल

ग्वालियर। पार्टी मनाकर वापस रहे युवक की हादसे में मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त गंभीर घायल हो गया। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के रमौआ चौराहे के पास झांसी हाइवे पर शुक्रवार की तड़के करीब पांच बजे की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए भेजकर मृतक का शव पीएम हाउस पहुंचा दिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि मृतक की मौत किसी वाहन की टक्कर से हुई है या फिर उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई है।

एमरल्डग्रीन मुरार निवासी शोभित नारायण पुत्र विनय प्रकाश सैलून संचालक है और पटेल नगर में उनकी शोभिना फैमिली सैलून के नाम से दुकान है। बीती रात वह घर से अपने दोस्त सागर ढीगरा निवासी श्रीराम पैलेस के साथ एक पार्टी में शामिल होने के लिए स्विप्ट कार क्रमांक एमपी 07 सीएफ 5537 से आया था। पार्टी में शामिल होकर सुबह करीब पांच बजे वापस आ रहे थे और अभी वह रमौआ चौराहे के पास पहुंचे तो हादसे का शिकार हो गए। जिसमें शोभित की मौत हो गई और उसके साथ कार में सवार सागर घायल हो गया। हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस को शोभित व सागर कार में मिले और उनकी कार डिवाइडर से टकराई हुई थी। अभी यह पता नहीं चला है कि वह किसी वाहन की टक्कर लगने के बाद डिवाइडर से टकराए है या फिर उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। परिजनों का कहना है कि मृतक की दो सोने की चेन व मोबाइल गायब है।

**दोनों दोस्त डबरा झांसी हाइवे से पार्टी मनाकर लौट रहे थे**

# नवविवाहिता को घर से निकाला, दहेज एक्ट का दो पर मामला दर्ज

ग्वालियर। सात फेरे लेते समय जीवन भर साथ निभाने का वादा करने वाले पति व उसके अन्य परिजनों ने दहेज ना लाने पर नवविवाहिता को घर से निकाल दिया। घटना निम्बाजी की खौ की है। धमकी और घर से निकाले जाने की शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

सुभाषपुरा शिवपुरी निवासी 20 वर्षीय पूजा परिहार पुत्री लाखन सिंह ने महिला थाना पुलिस से शिकायत की है कि उसकी शादी बीते साल 17 मई को हुई थी। शादी के बाद कुछ माह तक तो उसे अच्छी तरह से रखा और उसके बाद ससुराल वाले उसे मायके से दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। जब उसने दहेज लाने से इनकार किया तो उसे धक्के देकर घर से निकाल दिया और धमकी दी कि अगर उन्हें दहेज नहीं मिला तो वह उसे जान से मार देंगे। धमकी का शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने नवविवाहिता की शिकायत पर कल्लू परिहार और लाली परिहार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# कुआं खोरा खदान से तीन घनमीटर पत्थर जब्त




ग्वालियर। बीते दिन की तरह शुक्रवार को वन अमले ने उत्तर घाटी गांव वन परिक्षेत्र के अंतर्गत भट्टपुरा वन चौकी के डाड़ा खिरक थर्ड बीट में जाकर सामूहिक गश्ती की गई। गश्ती में सोन चिरैया अभ्यारण्य अधीक्षक व घाटीगांव एसडीओ संजीव कुमार व संबंधित मैदानी वन अमला मौजूद रहा। इस दौरान कक्ष क्रं. 201 के कुआं खोरा नामक स्थान पर खदान पर रखा हुआ लगभग तीन घन मीटर फर्सी पत्थर मिला। जिसे मौके पर ही परिवहन के अभाव में नष्ट करने की कार्यवाही की गई। यहां बता दें कि अवैध खनन की दृष्टि से उत्तर वन परिक्षेत्र और घाटीगांव गेमरेंज अतिसंवेदनशील हैं। यहां सामूहिक सघन गश्ती के बाद ही अवैध उत्खनन को रोका जा सकता है। इसी क्रम में अवैध उत्खनन रोकने के लिये लगातार संयुक्त कार्यवाही शुरू की गई है। शुक्रवार को भट्टपुरा वन चौकी के कक्ष क्रं. 201 में अभियान चलाया गया। जबकि बीते दिन घाटीगांव गेम रेंज के अंतर्गत महूआ खेड़ा और भरखा नामक क्षेत्र में सघन सामूहिक गशती कर 12 घनमीटर फर्सी पत्थर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

## बीट अजयपुर में 4 निर्माणधीन मकानों को जमीदोज किया



ग्वालियर। ग्वालियर वन परिक्षेत्र अधिकारी दीपेन्द्र मोहन पाठक के नेतृत्व में शुक्रवार को देर शाम अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बीट अजयपुर में कार्रवाई की गई। इस दौरान 4 निर्माणधीन मकानों के फाउंडेशन व बाउंड्री को तोड़कर जमीदोज किया गया। वहीं मौके से औजार, टंकी, चेली बल्ली आदि जब्त कर वन अपराध दर्ज किया गया। कार्रवाई में क्षेत्रवासियों द्वारा उपद्रव न हो इसको भांपते हुए यह कार्रवाई देर शाम को की गई। वहीं कार्रवाई में मुंडे वन चौकी, वीलपुरा वन चौकी और जौरासी वन चौकी के स्टाफ का भी सहयोग लिया गया। छौंड़ा वन चौकी का स्टाफ भी मौजूद रहा। यह अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई छौंड़ा वन चौकी के अंतर्गत बीट अजयपुर में की गई। बताया गया है कि यह क्षेत्र बीट गार्ड राजपाल सिंह चौहान का है। उल्लेखनीय है कि इसी तरह शहर के निकट जिंसी बीट में भी अभी नया अतिक्रमण जारी है। लेकिन जिम्मेदार आंखे मीचे हुये हैं।

## पार्षद रवि तोमर के यहां भण्डारा आज

ग्वालियर। शिंदे की छावनी पर तोमर बाड़े में पार्षद रवि तोमर के निवास पर हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे का आयोजन शाम को किया जायेगा। शाम 6 बजे से धर्मप्रेमी जनता से भंडारे में शामिल होने की अपील की है।

## भाजपा का श्रमिक सम्मान समारोह आज

ग्वालियर। भाजपा के प्रदेश संगठन द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक न्याय पखवाड़े के अंतर्गत आज 16 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी जिला ग्वालियर द्वारा शिवपुरी लिंक रोड स्थित जीआईसीटी कॉलेज के पीछे महादजी नगर में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती माया सिंह उपस्थित रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कमल माखीजनी करेंगे। उक्त जानकारी सामाजिक न्याय पखवाडा कार्यक्रम के प्रभारी एवं जिला महामंत्री विनोद शर्मा ने दी।

## मल्टी से गिरकर हुई थी मजदूर की मौत, ठेकेदार पर मामला दर्ज

ग्वालियर। निर्माणाधीन मल्टी से गिरकर हुई मजदूर की मौके के मामले की जांच के बाद पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना बहोड़ापुर थाना क्षेत्र स्थित सरकारी मल्टी की है। पुलिस ने बताया कि सागर ताल के पास निर्माणाधीन मल्टी में छठवी मंजिल पर काम करते समय चेहली से पैर फिसलने से मजदूर योगी पुत्र चोये लाल उम्र 52 साल की मौत 21 फरवरी को हुई थी। मामले की जांच की तो पता चला कि मजदूर को लेबर सप्लायर सोने लाल पुत्र बुदल पण्डित निवासी दिल्ली लेकर आया था और बगैर सुरक्षा इंतजाम के उनसे छठवी मंजिल पर काम करवा रहा था। जहां से गिरने से उसकी मौत हुई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

ग्वालियर। परिवार के लोगों को कार्यक्रम में जाने के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम स्थित महावीर नगर की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। महारापुरा थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम निवासी 19 वर्षीय विकास पुत्र धारा सिंह सूरत में प्राइवेट जॉब करता है और कुछ दिन पहले ही वह अपने घर आया है। बीते रोज उसका पूरा परिवार एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे और घर पर विकास अकेला था। दोपहर में सूचना मिली थी कि विकास ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर शव को पीएम हाउस भेज दिया है।

## छात्र लापता, अपहरण का मामला दर्ज

ग्वालियर। घर से खेलने की कहकर निकला सोलह वर्षीय छात्र लापता हो गया। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के रामविहार कॉलोनी की है। छात्र के गायब होने का पता चलते ही परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है। गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के न्यू राम विहार कॉलोनी निवासी साढ़े पंद्रह वर्षीय छात्र बीते रोज खेलने की कहकर निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं आया। छात्र के वापस नहीं आने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। छात्र का पता नहीं चलने पर परिजन थाने पहुंचे और शिकायत की। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

## किराएदार ने की मकान मालिकन से छेड़छाड़

ग्वालियर। मकान का किराया मांगने आई मकान मालिकन से किराएदार ने छेड़छाड़ कर दी। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दे दी। घटना मुरार थाना क्षेत्र के सीपी कॉलोनी की है। घटना का शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी मनोज के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

# देश के 8 करोड़ अग्रबन्धुयो को एक मंच पर लाना होगा : ऐरन

## परिचय सम्मेलन कलकत्ता में 240 परिवारो ने एक दूसरे से रिश्ता जोड़ा





ग्वालियर। अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन के द्वारा महाराजा अग्रसेन स्मृति भवन कलकत्ता में 89 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राजेश ऐरन ने कहा कि मानवसेवा के लिए समर्पित अग्रवाल समाज को आज भी राजनीति में पर्याप्त अवसर प्राप्त नही हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज को नजरंदाज न किया जाए। सभी 8 करोड अग्रबन्धुयो को संगठित होकर एक मंच पर आना होगा, कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती बबीता अग्रवाल (पश्चिम बंगाल अध्यक्ष) प्रभु दयाल केसान, सुरेश अग्रवाल, दीन दयाल धनानिया आदि लोग विशेष रूप से उपस्थित थे। सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन में 240 परिवारो ने अपने विवाह योग्य बच्चों का पंजीयन कराया। कार्यक्रम में राजीव अग्रवाल कमलेश कुमार गुप्ता, जुगल किशोर पोद्दार, विजय कुमार दारुका, लक्ष्मी अग्रवाल, रिंकी मित्तल, नेहा अग्रवाल, सुनीता बंसल, सीताराम अग्रवाल को समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

## सोन चिरैया अभ्यारण्य में जागरुकता अभियान के तहत बैठक ली



ग्वालियर। भीषण गर्मी को देखते हुए जंगल के वन्य जीव भूख और प्यास के लिये जगह-जगह नहीं भटकें और उन्हें खतरे से बचाया जा सके। इस आशय से ग्वालियर सोन चिरैया अभ्यारण्य अधीक्षक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को तिघरा गेम रेंज के तिलावली गांव में वन एवं वन जीव जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों की बैठक ली। ग्रामीणों को समझाइश दी गई की जंगल के वन्य जीव दिखाई देने पर उनकी रक्षा करें न की छेड़खानी की जाये। इसके साथ ही पक्षियों के लिये सकोरे बांटे। सभी ग्रामीणों से आव्हान किया कि सभी लोग अपने घरों की छतों या फिर आंगन में पानी भरकर सकोरे रखें जिससे पक्षियों को पानी मिल सके और इस भीषण गर्मी से निजात मिल सके। इस अवसर पर संबंधित मैदानी वन अमला मौजूद रहा।

## जगमोहन बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



ग्वालियर। मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघठनो के कर्मचारियों की भोपाल में एक बैठक हुई। इसमें सबके विचारोपरान्त सर्व सम्मति से राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली का गठन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जागरूक कर्मचारी अजय शर्मा एवं संरक्षक नंदकिशोर गोस्वामी विशेष मौजूद रहे। इस गठन में राष्ट्रीय संयोजक उदित भदोरिया ,राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद तिवारी , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जगमोहन गुप्ता एवं राष्ट्रीय महामंत्री नरेश गुप्ता को बनाया गया है। यह संयुक्त मोर्चा पूरे देश भर में राष्ट्रीय पेंशन बहाली को लेकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों का ध्यान आकर्षित करेगा।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग**
**वि/यॉ संभाग ग्वालियर - 474011**
ई-मेल eepwdelecgwl@mp.nic.in
फोन नं. 0751-2340749

**निविदा विज्ञप्ति सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 01/व.ले.लि./टेण्डर/ 2022-23 ग्वालियर, दिनांक: 08/04/2022

म.प्र. राज्यपाल की ओर से कार्यपालन यंत्री. लोक निर्माण विभाग वि/यॉ संभाग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करते है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | ई-टेण्डर आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू. | अमानत राशि रू. + पोर्टल चार्ज | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि | दस्तावेज जमा करने का स्थान एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2022_PWDRB _196157_1 | आर.एच.एफ.डब्लू.टी.सी. हेल्थ सिटी सेंटर ग्वालियर स्थित श्री वीरेंद्र नोडिया जी के आवास क्र. ई-11 में विद्युत नवीनीकरण का कार्य द्वितीय आमंत्रण | 85000 हजार | 1700.00 + 1000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 02 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 2 | 2022_PWDRB _196158_1 | न्यू हाईकोर्ट ग्वालियर स्थित जजेस बंगला नं. 5, 7, 9, 15ए, 16,16ए, 17बी, 28बी, 32,49, ए-1, ए-2 एवं ए-3 में एल.ई.डी. ट्यूबलाईट फिटिंग कार्य द्वितीय आमंत्रण | 2.73 लाख | 5460.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत क्लास विद्युत ठेकेदार | 06 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 3 | 2022_PWDRB _196159_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत अनुभाग मेडीकल कम्पू एवं अन्य में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवसीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 8.00 लाख | 16000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 4 | 2022_PWDRB _196160_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत अनुभाग ग्वालियर केअन्तर्गत न्यू हाईकोर्ट, बंगला एवं अन्य में ए.आर./एस.आर/डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 8.00 लाख | 16000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 5 | 2022_PWDRB _196161_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत अनुभाग ठाठीपुर, आउटर, पड़ाव, जेल, मोतीमहल, ओल्ड हाईकोर्ट में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 5.00 लाख | 10000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 6 | 2022_PWDRB _196162_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग भिंड मुख्यालय सेक्शन के अन्तर्गत एवं अन्यमें ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 12.50 लाख | 25000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 7 | 2022_PWDRB _196163_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग भिंड आउटर सेक्शन के अन्तर्गत एवं अन्य में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 12.50 लाख | 25000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 8 | 2022_PWDRB _196164_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग गुना मुख्यालय एवं आउटर सेक्शन के अन्तर्गत एवं अन्य में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 12.50 लाख | 25000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 9 | 2022_PWDRB _196165_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग गुना के अन्तर्गत अशोकनगर मुख्यालय एवं आउटर सेक्शन के अन्तर्गत एवं अन्य में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 12.50 लाख | 25000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 10 | 2022_PWDRB _196166_1 | जी.आर.एम.सी. ग्वालियर के टी.बी. सी-डेस्ट लैब में 200 के.व्ही.ए. डीजल जनरेटर स्थापना का कार्य द्वितीय आमंत्रण | 21.95 लाख | 43900.00 + 5000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत अ क्लास विद्युत ठेकेदार अधिकृत विक्रेता | 04 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 11 | 2022_PWDRB _196167_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग शिवपुरी मुख्यालय सेक्शन के अन्तर्गत एवं अन्य में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 12.50 लाख | 25000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 12 | 2022_PWDRB _196168_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग शिवपुरी सेक्शन के आउटर अन्तर्गत एवं अन्य में ए.आर./एस.आर./डिपोजिट/मूल कार्य अनुरक्षण मद में गैर आवासीय एवं आवासीय भवनों का विद्युतीकरण/नवीनीकरण कार्य। | 12.50 लाख | 25000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 13 | 2022_PWDRB _196169_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत अनुभाग बंगला, न्यू हाईकोर्ट, ठाठीपुर पड़ाव, जेल, मोतीमहल, मेडीकल 1 एवं 2, ओल्ड हाईकोर्ट एवं जेल, आउटर के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में सीलिंग पंखों की वायरिंग एवं सर्विसिंग का कार्य। | 4.00 लाख | 8000.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत विद्युत ठेकेदार | 12 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 14 | 2022_PWDRB _196169_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत आयुर्वेदिक कॉलेज में कॉन्फ्रेंस सिस्टम प्रोजेक्टर का प्रोवाइडिंग एवं इंस्टॉलेशन का कार्य। | 8.47 लाख | 16940.00 + 2000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत अ क्लास विद्युत ठेकेदार अधिकृत विक्रेता | 02 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |
| 15 | 2022_PWDRB _196169_1 | लोक निर्माण विभाग वि./यां. उपसंभाग ग्वालियर के अन्तर्गत आयुर्वेदिक कॉलेज में विद्युत उपकरण, वायरिंग एण्ड फिक्चर का प्रोवाइडिंग एवं इंस्टॉलेशन का कार्य। | 38.07 लाख | 50000.00 + 5000.00 | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत अ क्लास विद्युत ठेकेदार अधिकृत विक्रेता | 04 माह वर्षा काल सहित | कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोनिवि वि/यॉ संभाग ग्वालियर दिनांक 26/04/22 सायं 17:30 तक |

निविदा आमंत्रण की सम्पूर्ण शर्ते एवं अन्य जानकारी का विस्तृत विवरण बेवसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 11/04/2022 समय सुबह 17:30 से दिनांक 25/04/2022 समय सायं 17:30 तक देखी जा सकती है। निविदा हेतु ऑनलाईन बिड सबिमिशन दिनांक 25/04/2022 समय सांय 17:30 तक प्रस्तुत की जा सकती है। मूल धरोहर राशि एवं अन्य दस्तावेज संबंधित कार्यालय में भौतिक एवं स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 26/04/2022 को सायं 17:30 के पूर्व जमा होगी।

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, सिर्फ बेवसाईट पर ही किया जावेगा। आवंटन आने पर ठेकेदार का भुगतान किया जावेगा।
3. मूल धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र राशि ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।

**G11558/22**

**पहला डोज रक्षा, दूसरा डोज सुरक्षा**

**कार्यालय यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग**
**वि/यॉ. संभाग ग्वालियर**

# संपादकीय

## कुशलता के चालक

हवाई जहाजों के परिचालन में चालकों की कुशलता सबसे अहम होती है। हालांकि हमारे यहां व्यावसायिक विमान चालकों के प्रशिक्षण केंद्र बढ़े हैं और उनमें से काफी युवा पायलट के तौर पर निकलते हैं। पिछले कुछ सालों में विमानन सेवा में प्रतिस्पर्धा बढ़ने और अनेक देशी-विदेशी कंपनियों के इस क्षेत्र में उतर आने की वजह से विमान चालकों की मांग भी काफी बड़ी है। मगर हकीकत यह है कि अभी हमारे यहां सभी तरह के विमान उड़ाने वाले चालकों की कमी है। बहुत सारे चालक खराब मौसम और छोटी हवाई पट्टी पर विमान उतारने में सक्षम नहीं हैं। कई विमान विशेष तकनीक से लैस हैं और उनमें थोड़े-थोड़े समय पर तकनीकी बदलाव होते रहते हैं, उन बदलाओं की जानकारी भी बहुत सारे चालकों को नहीं है। यही वजह है कि नागर विमानन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने स्पाइस जेट विमान कंपनी के नब्बे चालकों को 737 मैक्स विमान उड़ाने के अयोग्य करार दिया। दरअसल, इस विमान में विशेष तकनीक का उपयोग हुआ है और जिन चालकों को इसे उड़ाने से रोका गया, उन्हें इस तकनीक का उचित प्रशिक्षण नहीं है। उन्हें संतोषजनक प्रशिक्षण लेने को कहा गया है। करीब तीन साल पहले अदीस अबाबा के पास इथियोपियन कंपनी का मैक्स विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, तब डीजीसीए ने इस विमान की उड़ान ही बंद कर दी थी। फिर जब इसके साफ्टवेयर में बदलाव किया गया, तो इसे उड़ान भरने की इजाजत दी गई। स्पाइस जेट के बेड़े में ग्यारह मैक्स विमान हैं।

दरअसल, डीजीसीए हवाई उड़ानों को सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के मकसद से समय-समय पर पायलटों की कुशलता का मूल्यांकन करता रहता है। उसी के तहत स्पाइसजेट के पायलटों पर रोक लगाई गई है। हालांकि इस रोक के बावजूद स्पाइस जेट कंपनी पर मैक्स विमानों के परिचालन में कोई अड़चन नहीं आएगी, क्योंकि उसके पास जरूरत से कहीं अधिक प्रशिक्षित चालक हैं। दरअसल, विमानन कंपनियां आजकल स्थायी चालक नियुक्त करने के बजाय घंटे के हिसाब से भुगतान पर व्यावसायिक पायलटों को रखती हैं। इस तरह उनके पास पायलटों की अच्छी-खासी तादाद होती है। मगर भारतीय चालकों में बहुत सारे ऐसे हैं, जिन्हें विमान उड़ाने की बुनियादी जानकारी तो है, पर लंबी दूरी के विमान उड़ाने में उनकी वह जानकारी काम नहीं आती। घरेलू और बाहरी देशों के लिए संचालित विमानों को उड़ाने में बहुत अंतर होता है। प्रायः विदेशी उड़ानों के लिए अत्याधुनिक तकनीक और अधिक क्षमता वाले विमान इस्तेमाल होते हैं और अलग-अगल देशों की भौगोलिक बनावट और मौसम के अनुसार उन्हें उड़ाने की अपेक्षा होती है। इसमें कई चालक कुशल साबित नहीं होते। अक्सर सर्दी के मौसम में जब घना कोहरा होता है, तो उड़ानें देर से चलती हैं, उन्हें कई बार रद्द करना पड़ता है या कभी-कभार उतरते समय हवाई पट्टी पर उनके फिसलने की घटनाएं भी सामने आती हैं। इसलिए कि कम दृश्यता में विमान उतारने का प्रशिक्षण कम चालकों को है। कहने-सुनने में यह प्रशिक्षण साधारण-सा लग सकता है, मगर इसके लिए विदेशी प्रशिक्षण केंद्रों में लाखों की रकम चुकानी पड़ती है, जो हर चालक के लिए संभव नहीं हो पाता। इसी तरह अलग-अलग विमानों को उड़ाने के प्रशिक्षण दिए जाते हैं। इनके लिए अलग-अलग शुल्क चुकाना हर चालक के वश की बात नहीं होती। इसलिए भारत में जब तक हर तरह के विमान उड़ाने के प्रशिक्षण नहीं उपलब्ध होते, तब तक बड़ी संख्या में पूरी तरह दक्ष चालकों की उम्मीद नहीं की जा सकती।

# दवा कारोबार में अनैतिकता पर अंकुश

> केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के साथ अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पतालों, जन औषधि योजना और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों के लिए दवाओं की खरीद करेगी। देशव्यापी स्तर पर दवा खरीद की केंद्रीकृत व्यवस्था होने से दवा तो गुणवत्तापूर्ण रहेगी ही, उसके मूल्य में भी एकरूपता आएगी।



कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझ कर बाहर की जा रही हैं। दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। दवा कारोबार में मुनाफे की हवस पर अंकुश लगाने की दृष्टि से केंद्र सरकार 'एक दवा, एक दाम' की नीति लागू करने जा रही है। इसके तहत दवाओं की थोक खरीद कर केंद्रीय स्वास्थ्य केंद्रों में वितरित किया जाएगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना के साथ अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पतालों, जन औषधि योजना और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों के लिए दवाओं की खरीद करेगी। देशव्यापी स्तर पर दवा खरीद की केंद्रीकृत व्यवस्था होने से दवा तो गुणवत्तापूर्ण रहेगी ही, उसके मूल्य में भी एकरूपता आएगी। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा हर साल लगभग बाईस सौ करोड़ रुपए की जीवनरक्षक दवाएं खरीदी जाती हैं, जो कुल दवा बाजार का करीब पंद्रह प्रतिशत है। फिलहाल विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों द्वारा फार्मा कंपनियों से खरीदी जाने वाली एक ही दवा की कीमत भिन्न-भिन्न होती है। इस पहल से दवा कंपनियों की उस अतिरिक्त बिलिंग पर अंकुश लगेगा, जो अधिक मुनाफे, चिकित्सकों के लिए उपहार और भ्रष्टाचार के लिए की जाती है। कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझ कर बाहर की जा रही हैं। दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। इसके मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से सौ गुना ज्यादा रख सकते हैं। मगर दवाओं की कीमत एक हजार तेईस फीसद तक ज्यादा वसूली जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक ग्लैक्सोस्मिथलाईन, फाईजर, रैनबैक्सी, डा रेड्डी लैब्स और एलेमबिक जैसी नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी अपनी दवाओं की दो से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत रखती हैं। इसके पहले नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने भी देशी-विदेशी दवा कंपनियों पर सवाल उठाते हुए कहा था कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी गई उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह ग्राहकों को करीब तिरालीस करोड़ का चूना लगाया। साथ ही एक सौ तिरासी करोड़ रुपए का गोलमाल सरकार को राजस्व न चुका कर किया। इस धोखाधड़ी को लेकर सीएजी ने सरकार को दवा मूल्य नियंत्रण अधिनियम में संशोधन का सुझाव दिया था। ऐसे ही सुझावों को मानते हुए सरकार ने देश भर में फैले सीजीएचएस के बारह सौ अस्पताल, दो सौ जांच केंद्र, पांच सौ वेलनेस सेंटर और आठ हजार से अधिक जन औषधि भंडारों पर एक मूल्य, एक दवा नीति लागू करने का फैसला किया है। इस दवा वितरण में बोली के आधार पर भागीदारी करने वाले विक्रेताओं की तकनीकी योग्यता से कहीं ज्यादा ईमानदारी के मानदंडों की जरूरत पड़ेगी। दवा क्रय समिति को भी उन दवाओं को खरीदने की जरूरत है, जो उपचार में प्रभावी और कीमत में सस्ती हों। चूंकि सार्वजनिक स्वास्थ्य राज्यों के अधिकार क्षेत्र में है, इसलिए उन्हें भी अगर इस योजना में भागीदार बना लिया जाए तो दवा वितरण लाभार्थियों का दायरा बढ़ जाएगा। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा कारोबार तेजी से मुनाफे की अमानवीय और अनैतिक वृत्ति में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैरजरूरी दवाएं लिखवाने का चलन बड़ा है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। इसीलिए चिकित्सकों पर ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे दवा कारोबार की सेवा में लिप्त हैं। इसकी पुष्टि इस बात से होती है कि चिकित्सक ज्ञान तो निश्चित रूप से उच्च चिकित्सा संस्थानों से प्राप्त करते हैं, लेकिन चिकित्सक बनने के बाद उनके ज्ञान का अपहरण दवा उद्योग कर लेते हैं। इसलिए ज्यादातर डाक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें दवा कंपनियों के प्रतिनिधि समझाते और कमीशन के साथ उपहार देते है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग का लालच ब?ाने। मगर पैसा कमाने की अनैतिक हो? का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इसी का नतीजा था कि 2008 में भारत की सबसे बड़ी दवा कंपनी रेनबैक्सी की तीस जेनेरिक दवाओं को अमेरिका ने प्रतिबंधित किया था। उसकी देवास (मध्यप्रदेश) और पांवटा साहिब (हिमाचल प्रदेश) में बनने वाली दवाओं के आयात पर अमेरिका ने रोक लगा दी थी। अमेरिका की सरकारी संस्था फूड एंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) का दावा था कि रेनबैक्सी की भारतीय इकाइयों से जिन दवाओं का उत्पादन हो रहा है, उनका मानक स्तर अमेरिका में बनने वाली दवाओं से घटिया है। ये दवाएं अमेरिकी दवा आचार संहिता की कसौटी पर खरी नहीं उतरीं।

जबकि भारत की रेनबैक्सी ऐसी दवा कंपनी है, जो अमेरिका को सबसे ज्यादा जेनेरिक दवाओं का निर्यात करती है। ऐसी कई बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी आचार संहिता का पालन नहीं करती हैं। किसी बाध्यकारी कानून के अमल में भी ये रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि इन्होंने अपना कारोबार विज्ञापनों और चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाए हुए हैं। छोटी दवा कंपनियों के संघ का तो यहां तक कहना है कि अगर चिकित्सकों को उपहार देने की कुप्रथा पर रोक लगा दी जाए तो दवाओं की कीमतें पचास फीसद तक कम हो जाएंगी। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग और दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं। चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होता है। लिहाजा, चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ उठा रहे हैं। प्रकृति ने मनुष्य को बीमारियों से बचाव के लिए शरीर के भीतर ही मजबूत प्रतिरक्षात्मक तंत्र दिया है। इसके अलावा रोगरोधी एंजाइम लाइफोजाइम भी होता है, जो जीवाणुओं को नष्ट कर देता है। एंटीबायोटिक दवाओं ने जहां अनेक संक्रामक रोगों से मानव जाति को बचाया, वहीं दुष्परिणाम स्वरूप शरीर की प्रतिरोधात्मक शक्ति को कमजोर भी किया। जिस तरह मानव शरीर विभिन्न प्राकृतिक तापमान, वायुमंडल और भौगोलिक परिस्थिति और पर्यावरण के अनुकूल अपने को ढाल लेता है, उसी तरह हमारी धरती पर सूक्ष्मजीव और उनके विरुद्ध शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति का भी परिवर्तित विकास होता रहा है। मगर एंटिबायोटिक दवाओं ने दोनों के बीच के संतुलन को गड़बढ़ा दिया, लिहाजा एंटीबायोटिक दवाएं जब-जब सूक्ष्म जीवों पर मारक साबित हुईं, तब-तब जीवाणु और विषाणुओं ने अपने को और ज्यादा शक्तिशाली बना लिया। गोया, महाजीवाणु कभी न नष्ट होने वाले रक्तबीजों की श्रेणी में आ गए हैं।

इसलिए आज वैज्ञानिकों को कहना पड़ रहा है कि एंटीबायोटिक दवाओं की मात्रा पर अंकुश लगना चाहिए। दवा कंपनियों की मुनाफे की हवस और चिकित्सकों का बढ़ता लालच, इसमें बाधा बने हुए हैं। ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के मुनाफाखोरों ने प्रायोजित शोधों की मार्फत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और होम्योपैथी को अवैज्ञानिक कह कर हाशिए पर डालने का काम भी षड्यंत्रपूर्वक किया है। सूक्ष्मजीव कायातंरण कर नए-नए रूपों में सामने आने लगे हैं, तबसे एंटीबायोटिक दवाओं की सीमा रेखांकित की जाने लगी है। नतीजतन, वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां फिर से जोर पकड़ने लगी हैं। पिछले ढाई साल से पूरी दुनिया कोविड-19 के विषाणु से दो-चार हो रही है। इसलिए केंद्रीकृत एक मूल्य, एक दवा नीति का क्रियान्वयन सुचारू रूप से होगा, तो दवाओं के मूल्य पर तो अंकुश लगेगा ही, दवा कारोबार की अनैतिकता भी खत्म होगी।

# इमरान को एक और झटका देने की तैयारी

जब पूर्व प्रधानमंत्री और प्रतिष्ठित क्रिकेट खिलाड़ी इमरान खान को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये शर्मनाक तरीके से पद से हटाया गया, तब एक अखबार ने लोकप्रिय शीर्षक लगाया था-बैक टू द पवेलियन। पाकिस्तान के संसदीय इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि किसी प्रधानमंत्री को अविश्वास प्रस्ताव के जरिये हटाया गया। सदन के नेता को पद से हटाने के पिछले प्रयास हमेशा सफल रहे हैं और इस बार प्रधानमंत्री को या तो सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा या न्यायपालिका द्वारा बाहर का रास्ता दिखाया गया है। लेकिन इमरान खान ने कभी भी संसदीय प्रक्रिया में विश्वास नहीं किया, शायद ही कभी उन्होंने संसदीय सत्रों में भाग लिया हो। उन्होंने न कभी सदन में बहस छेड़ी और न ही महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। यहां तक कि उस रविवार की रात को भी जब समय समाप्त हो रहा था, इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान करवाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। अंत में जब सेना ने हस्तक्षेप किया, तब उन्होंने मतदान कराने की अनुमति दी। प्रधानमंत्री के रूप में अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इमरान खान ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा को हटाने की कोशिश की थी, लेकिन विफल रहे। इसके बाद उन्होंने जनरल बाजवा के खिलाफ ट्विटर, फेसबुक और व्हाट्सएप पर ऑनलाइन अभियान शुरू किया और सोमवार रात को पूरे पाकिस्तान में सेना विरोधी प्रदर्शन हुए। संभवतः पहली बार पाकिस्तानी सैन्य मुख्यालय में फॉर्मेशन कमांडरों के सम्मेलन में, जो एक छमाही कार्यक्रम है, सेना-विरोधी मुद्दा उठाया गया था। सैन्य मुख्यालय ने इमरान खान को संदेश भेजा था कि सेना पूरी तरह से संविधान का पालन करेगी और वह हमेशा मुल्क के साथ खड़ी रही है। पूर्व प्रधानमंत्री को सेना ने जोरदार संदेश भेजा कि 'फोरम ने पाकिस्तानी सेना को बदनाम करने और सैन्य प्रतिष्ठान तथा समाज के बीच दरार पैदा करने के लिए कुछ वर्गों द्वारा हाल ही में चलाए जा रहे प्रचार अभियान का संज्ञान लिया है। राजनीतिक विश्लेषकों ने इमरान खान का मजाक उड़ाया, जब उन्होंने कहा कि यह बाइडन प्रशासन के नेतृत्व में उन्हें पद से हटाने की एक विदेशी साजिश थी। लेकिन उनकी तानाशाही मानसिकता, खुद को सही समझने की सोच और राज्य प्रतिष्ठान की संरचना की कम समझ के कारण किसी ने भी उनके इस आरोप पर यकीन नहीं किया। निर्वाचित सरकारों के साथ पाकिस्तान में लोकतांत्रिक शासन बहुत कम समय के लिए रहा है, लेकिन इस हफ्ते पहली बार विपक्षी दलों के सभी सदस्य सत्ता पक्ष की बेंच पर चले गए। अब विपक्षी दल की बेंच पर कोई नहीं बैठता, क्योंकि इमरान खान और उनकी पार्टी के सभी सदस्यों ने निचले सदन से इस्तीफा दे दिया है। एक राजनीतिक विश्लेषक का कहना है कि पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ पार्टी का नेशनल असेंबली से इस्तीफा देने का फैसला संसदीय क्षेत्र को अपने विरोधियों के लिए खुला छोड़ देना है, जिससे भविष्य में पार्टी में विभाजन भी हो सकता है। संसद से अनुपस्थिति पार्टी के चुनावी आधार पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है, खासकर तब, जब आम चुनावों में कुछ ही महीने बचे हैं। लेकिन संसद को जो नुकसान होगा, वह यह है कि जब सरकार कानून पारित करना चाहेगी, तब उसे विपक्षी सदस्यों के विरोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। वैसे में, पारित होने वाला कानून राजनीतिक वैधता खोने के लिए बाध्य है। इमरान खान ने अपने स्पीकर और डिप्टी स्पीकर को भी इस्तीफा देने के लिए कहा, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था। अब नई सरकार निचले सदन में अध्यक्ष पद पर अपने उम्मीदवार को लाने के लिए स्वतंत्र है। अभी सत्ता पक्ष की बेंच पर बैठने वाले कई सांसद पीएमएल (एन) और पीपीपी की सरकारों के दौरान भी यहां बैठे थे। पर यह पहली बार है, जब पाकिस्तान की दो सबसे बड़ी पार्टियां एक साथ अन्य सहयोगियों के साथ बैठी हैं। बिलावल भुट्टो जरदारी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ पहली पंक्ति में बैठे और दर्शक दीर्घा में बैठी उनकी बहन आसिफा भुट्टो उन्हें हाथ हिला रही थी। बिलावल अपनी मां और उनके साथ बैठे अपने पिता के बारे में सोच रहे होंगे, क्योंकि भुट्टो परिवार की दो पीढ़ियां यहां प्रधानमंत्री के रूप में बैठ चुकी हैं। सबसे पहले बिलावल के नाना जुल्फीकार अली भुट्टो और फिर उनकी मां बेनजीर भुट्टो, जो दो बार सदन की नेता चुनी गईं। क्या किस्मत बिलावल को तीसरी पीढ़ी के प्रधानमंत्री के रूप में यहां लौटने का मौका देगी? इसका पता तो अगले चुनाव में चलेगा। इमरान खान ने सीनेट की सीटों से अभी इस्तीफा नहीं दिया है, जहां उनका अपना अध्यक्ष है। पर नई सरकार ने अब सीनेट अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया है और उम्मीद है कि उसके पास पर्याप्त वोट होंगे। सीनेट का अध्यक्ष होने का लाभ यह है कि राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में संविधान के अनुसार, सीनेट अध्यक्ष पूर्ण शक्तियों के साथ कार्यवाहक राष्ट्रपति बन जाता है। इमरान खान के सीनेट से इस्तीफा न देने का एक कारण यह बताया जा रहा है कि अगर पीटीआई सीनेट छोड़ देती है, तो अगले मध्यावधि चुनाव तक उसका पूरी तरह सफाया हो जाएगा। अंग्रेजी अखबार डॉन ने इमरान खान की आलोचना करते हुए लिखा है कि नेशनल असेंबली से इस्तीफा देना राजनीतिक अपरिपक्वता का संकेत है, जो अब नई सरकार को अपनी मर्जी के अनुसार काम करने का मौका देगा और यह ठीक नहीं है। अखबार ने लिखा कि खान को यह सुनिश्चित करना होगा कि जो लोग उन्हें और उनकी पार्टी को सत्ता में लेकर आए, उनकी आवाज और उनके हितों को नेशनल असेंबली में सुना और सुरक्षित रखा जाए, जबकि नई सरकार अपने विधायी एजेंडे को निष्पादित करेगी। अभी सिंध से नेशनल असेंबली में तीन सदस्य हैं, जो खान के गठबंधन सहयोगी थे, लेकिन उन्होंने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। इसके अलावा दो सदस्य पंजाब से भी हैं। अविश्वास प्रस्ताव से पहले पीटीआई के लगभग 23 सदस्य दलबदल कर सत्ता पक्ष से बाहर चले गए थे। हो सकता है कि आने वाले दिनों में विपक्षी बेंचों पर कुछ और चेहरे देखने को मिलें।

# इस बंगाल पर हमें कितना नाज?

> स हिंसा व बलात्कार के विरोध को वह अलग ही स्तर पर ले गई थीं। ज्योति बसु ने प्रतिक्रिया की थी कि 'ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। क्या नहीं होती हैं...गलतियां होती हैं।'

साल1990 की एक बेहद दुखद घटना है। आज से 32 साल पहले बंगाल के बनताला में सामूहिक बलात्कार की घटना हुई थी। कोलकाता शहर से 20 किलोमीटर दूर चिकित्सा विभाग की तीन अधिकारियों के साथ निर्ममता के साथ ज्यादती हुई थी। एक मेडिकल ऑफिसर अनीता दीवान की तो मौके पर ही हत्या तक कर दी गई थी। 30 मई, शाम साढ़े छह बजे के करीब भीड़ ने हैवानियत को अंजाम दिया था, जिनमें सत्तारूढ़ वामपंथी पार्टी के कार्यकर्ता भी शामिल थे। ज्योति बसु तब मुख्यमंत्री थे। बहुत हंगामा हुआ था और तब ममता बनर्जी प्रतिपक्ष में थीं। इस हिंसा व बलात्कार के विरोध को वह अलग ही स्तर पर ले गई थीं। ज्योति बसु ने प्रतिक्रिया की थी कि 'ऐसी घटनाएं होती रहती हैं। क्या नहीं होती हैं...गलतियां होती हैं।' उस दौर में भी ऐसी घटनाएं जब होती थीं, तब ज्योति बसु अक्सर बोल देते थे कि बिहार में इससे ज्यादा होता है। एक बार बंगाल में एक मूक-बधिर बच्ची के साथ बलात्कार की घटना हुई थी, तो ममता बनर्जी पीड़िता को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय रायटर्स बिल्डिंग पहुंच गई थीं। तब मुख्यमंत्री ज्योति बसु ने मिलने से मना कर दिया था और कहा गया था कि बिना समय दिए नहीं मिल सकते। तब ममता बनर्जी के साथ खूब धक्का-मुक्की हुई थी। खूब खबरें छपी थीं और खूब चर्चाएं चली थीं। वाकई, इतिहास निष्ठुर होता है, इतिहास की पुनरावृत्ति होती रहती है। ममता बनर्जी आज मुख्यमंत्री हैं, पश्चिम बंगाल में आज भी बलात्कार होते हैं, लेकिन उनके बयान सुन लीजिए। आज कानून-व्यवस्था की स्थिति और ममता बनर्जी की असंवेदनशीलता के बारे में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी भाजपा के अलावा वाम पार्टियां और कांग्रेस भी खूब शोर मचा रही हैं। दूसरी ओर, आज सत्ता में बैठी तृणमूल कांग्रेस बहुत नाराज है, उसका कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ऐसे मामलों में जरूरत से ज्यादा राजनीति कर रही है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरी ताकत के साथ पश्चिम बंगाल में जीतने के इरादे से उतरी थी। फिर भी ममता बनर्जी ने भाजपा को हरा दिया और उसके केंद्रीय नेतृत्व को भी चकित कर दिया। कहा गया कि यह ममता मैजिक है। वह बहुत आक्रामक ढंग से राजनीति करती हैं और भाजपा ने भी बंगाल में यही किया है, लेकिन पूरी ताकत लगाने के बावजूद भाजपा हार गई। ममता बनर्जी अग्रणी नेता बनकर उभर आईं, पर वास्तव में उनकी स्थिति आज कैसी है? तृणमूल कांग्रेस की पश्चिम बंगाल से बाहर कोई बेहतर स्थिति नहीं है। उसने गोवा और त्रिपुरा में कोशिश की। गोवा में उसके पास कुछ नहीं था, तो कुछ बड़ा है, लेकिन खास सफलता नहीं मिली। दूसरी ओर, अरविंद केजरीवाल ने तो पंजाब में गजब कर दिया। आज केजरीवाल भी राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के नेता बनना चाहते हैं। लेकिन आज जो बंगाल में दिख रहा है, बंगाल के बारे में सोशल मीडिया में जो चल रहा है, उसमें ममता बनर्जी की लोक-कल्याणकारी राजनीति पीछे जाती हुई लग रही है। आज भी भाजपा अगली लड़ाई जीतने के लिए सक्रिय है।

बंगाल ही नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा का जोश कम नहीं हुआ है, जबकि ममता बनर्जी की राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत स्थिति नहीं है। अभी कुछ समय पहले तक सेकुलर, लेफ्ट से जुड़ा नागरिक समाज भी यह सोचने लगा था कि ममता भाजपा को हरा सकती हैं, पर आज क्या स्थिति है? जो कुछ हो रहा है, पश्चिम बंगाल के लिए अच्छा नहीं है। वहां हम हर स्तर पर अप्रिय संघर्ष देख रहे हैं। पूरे देश में बंगाल चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर खूब चर्चा है। एक समय इतना मीडिया नहीं था, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नहीं था, आज हर पल ब्रेकिंग न्यूज है। ब्रेकिंग न्यूज से धारणा बनती है और राजनीति भी संचालित होती है। बंगाल में हताशा बढ़ रही है। आज नौकरी चाहिए, आगे बढ़ने का अवसर चाहिए। नई पीढ़ी शिक्षा को लेकर आगे बढ़ना चाहती है, बंगाल का नाम रोशन करना चाहती है। अतः फैल रही नकारात्मकता का उपचार बंगाल में ममता बनर्जी को ही करना होगा। ममता बनर्जी को राजनीति में कतई कम नहीं आंका जा सकता। अभी लोकसभा चुनाव में दो साल बाकी हैं, राजनीति क्या करवट लेगी कहना कठिन है। उनका खेल अभी खत्म नहीं हुआ है। अभी तो खूब राजनीति होगी, चुनाव आएगा, पर अभी बलात्कार और हिंसा से बंगाल की जो छवि बिगड़ रही है, जो चुनौती पेश हो रही है, बहुत दुख की बात है। हर बंगालवासी को इससे मुकाबला करना चाहिए।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# तेल का खेल पुराना है

> इसके अलावा मोनाको में 189 रुपये, नार्वे में 186.50 रुपये और फिनलैंड में 179.14 रुपये प्रति लीटर की कीमत पर पेट्रोल मिल रहा है। भारत में पेट्रोल की वर्तमान कीमतों के लिए यूपीए सरकार की गलत खनिज तेल नीतियां और व्यापारिक समझौते जिम्मेदार हैं।



भारत में अंतरराष्ट्रीय कारणों से खनिज तेल यानी पेट्रोल-डीजल मंहगा हो रहा है। वैसे तो यह स्थिति पूरे विश्व में है। भारत के अलावा यदि दुनिया की बात करें तो भारतीय मुद्रा के हिसाब से हांगकांग में पेट्रोल 218.85 रुपये लीटर बिक रहा है। वहीं, नीदरलैंड में 191.34 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गया है। इसके अलावा मोनाको में 189 रुपये, नार्वे में 186.50 रुपये और फिनलैंड में 179.14 रुपये प्रति लीटर की कीमत पर पेट्रोल मिल रहा है। भारत में पेट्रोल की वर्तमान कीमतों के लिए यूपीए सरकार की गलत खनिज तेल नीतियां और व्यापारिक समझौते जिम्मेदार हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने 29 मार्च 2022 को राज्यसभा में कहा कि मैं इस सदन को याद दिला दूं कि आज के सत्यनिष्ठ करदाता उस (कच्चे तेल की) सब्सिडी का भुगतान कर रहे हैं जो उपभोक्ताओं को एक दशक से अधिक समय पहले तेल बांड (उधारी) के नाम पर दिया गया था और वे अगले पांच वर्षों तक भुगतान करना जारी रखेंगे क्योंकि बांड (उधारी) का पेमेंट 2026 तक जारी रहेगा। इसलिए, दस साल पहले उठाए गए तेल बांड (उधारी) के माध्यम से तेल की कम कीमतों का वह बोझ अब भी हम पर है। इसलिए, मैं इसे रिकॉर्ड पर रखना चाहूंगी। 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की उधारी जो यूपीए के तेल बांड के दौरान जुटाए गए थे जिसका भुगतान हम अभी भी कर रहे हैं। इसलिए अधिक कीमत पर तेल की उधारी का भुगतान करना एक ईमानदार तरीका है, न कि ऐसा तरीका जिससे आप इसे किसी और पर उधारी उठा लेते हैं और कोई अन्य सरकार इसके लिए भुगतान करती रहती है। निर्मला सीतारमण के स्पष्टीकरण से साफ है कि देश में पेट्रोल-डीजल की बढ़ी हुई कीमतों के लिए यूपीए सरकार भी जिम्मेदार है। वास्तव में तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 82 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 140 डॉलर प्रति बैरल तक जा पहुंची है। भारत में जिस गति से देश के विकास में संसाधन जुटाए जा रहे हैं, उसकी कीमत का आकलन विश्व को है लेकिन हममें से कुछ भारतीय अभी भी अज्ञानी बने हुए हैं। लोग यह समझना नहीं चाहते कि राष्ट्रीय और जान-माल की सुरक्षा की एक कीमत होती है। दूसरी तरफ 75-80 करोड़ महिलाएं-बच्चे और पुरुष खुले में शौच को जाते थे। 43 करोड़ लोगों के पास बैंक अकाउंट नहीं थे। 11 करोड़ लोगों के पास गैस नहीं थी। 16 करो? घरों में नल से जल नहीं आता था। केवल 60 प्रतिशत घरों में बिजली कनेक्शन था। मालगाड़ियां एवं यात्री ट्रेन एक ही लाइन पर चलती थी। बर्फ गिरने से लद्दाख सड़क मार्ग से कट जाता था। चुंगी पर ट्रक घंटों ईंधन फूंकते रहते थे। लगभग 31 प्रकार के अप्रत्यक्ष टैक्स हुआ करते थे। भूतपूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने से अर्थ विशेषज्ञ डॉ. मनमोहन सिंह ने मना कर दिया था। यूपीए की सरकार ने उधारी पर तेल खरीदकर आने वाली पीढ़ियों पर उसका भार छोड़ दिया था। इसलिए सरकार पर भरोसा बनाये, आने वाला समय हम भारतीयों का ही रहना वाला है।

(लेखक विधि प्राध्यापक हैं।)





# मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन से हैरान नहीं है शेन वाटसन बोले- ईशान को 15.25 करोड़ देना का फैसला गलत





**नई दिल्ली।** आईपीएल के 15वें सीजन में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस अंकतालिका में पांचवें स्थान पर मौजूद है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली टीम टूर्नामेंट में पांच मुकाबले हार चुकी है और पहली जीत की तलाश में है। मुंबई के बल्लेबाजों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन किया है, लेकिन गेंदबाजों ने निराश किया है। जिसके कारण टीम टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। बुमराह के अलावा, कोई अन्य गेंदबाज ऐसा नहीं दिखता है कि वह विपक्षी बल्लेबाजों से कठिन सवाल पूछने में सक्षम है, और यहीं पर मुंबई इंडियंस गेम में हार रहा है। आईपीएल 2022 में मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन का एक प्रमुख कारण खराब नीलामी है। स्ब्ढ्ढ ने हार्दिक पांड्या, क्विंटन डी कॉक, ट्रेंट बोल्ट, क्रुणाल पांड्या और राहुल चाहर जैसे खिलाड़ियों को जाने दिया और उनके स्थान पर बड़े खिलाड़ियों को शामिल करने में असफल रहे और जिन खिलाड़ियों को मुंबई ने छोड़ा है, वह अपनी-अपनी टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। जबकि मुंबई के पास उपलब्ध खिलाड़ी प्रभावित करने में असफल रहे। मेगा नीलामी में मुंबई ने एक साहसिक निर्णय लिया और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन का मानना ??है कि इन्हीं फैसलों का एमआई मैदान पर कीमत चुका रहा है। राजस्थान रॉयल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि पांच बार के चैंपियन ने ईशान किशन पर 15.25 रुपये खर्च कर गलत किया। उन्होंने कहा कि भले ही युवा बाएं हाथ का बल्लेबाज एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, लेकिन इतनी बड़ी कीमत के लिए एमआई के उसके पीछे रहने के फैसले ने उन्हें टीम की गुणवत्ता से समझौता करने के लिए मजबूर किया है। दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच ने कहा कि वह मुंबई के इस सीजन के प्रदर्शन से कम से कम आश्चर्यचकित थे और उन्होंने कहा, इससे मुझे कोई आश्चर्य नहीं हुआ कि स्ब्ढ्ढ तालिका में सबसे नीचे है क्योंकि उनकी एक चौंकाने वाली नीलामी थी। ईशान किशन पर इतना सारा पैसा खर्च करना ... वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली और कुशल खिलाड़ी है, लेकिन वह आपके लगभग पूरे वेतन को लेने के लायक नहीं है। और फिर, जोफ्रा आर्चर को लिया, यह नहीं जानता कि वह वापस आने वाला है या नहीं। वह काफी समय से क्रिकेट नहीं खेला है। उनकी टीम में काफी कुछ कमी हैं। ईशान ने सीजन की शुरुआत शानदार तरीके से की और दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ लगातार दो अर्द्धशतक बनाए, लेकिन उसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया और यह अब मुंबई के लिए चिंता का विषय है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अगला मैच शनिवार (16 अप्रैल) को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में केएल राहुल की लखनऊ सुपर जायंट्स से भिड़ेगी।

## पूर्व गेंदबाज ने उमेश को लेकर दी प्रतिक्रिया कहा-पहले दिन अनसोल्ड रहना चुभा था इसलिए कर रहे हैं शानदार गेंदबाजी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में कब कौन चमक जाए कोई कह नहीं सकता पिछले सीजन में एक भी मैच न खेलने वाला गेंदबाज इस सीजन में लगातार अपने प्रदर्शन से सबको चौंका रहा है। 5 मैचों में 10 विकेट लेकर फिलहाल ये गेंदबाज पर्पल कैप की रेस में दूसरे पायदान पर है। बात हो रही है कोलकाता के तेज गेंदबाजा उमेश यादव की जिसे मेगा आक्शन के पहले दिन सभी टीमों ने खरीदने से मना कर दिया था। उन्हें बाद में कोलकाता ने उनके बेस प्राइस 2 करोड़ में खरीदा था। उनके प्रदर्शन के बाद आज सभी टीमें पछता रही होंगी। पूर्व गेंदबाज इरफान पठान ने भी उनकी गेंदबाजी की जमकर प्रशंसा की है। एक टीवी शो के दौरान उन्होंने कहा उमेश के पास इस सीजन में गेंदबाजी के सभी हथियार मौजूद है। वे आउटस्विंग और इनस्विंग दोनों करा रहे हैं। आक्शन के पहले दिन वे नहीं बिके थे। इस बात ने उन्हें काफी तकलीफ पहुंचाई थी। इसी कारण वे अपने आप को साबित करने में पूरा समर्पण दिखा रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में उनपर भरोसा जताने वाले केकेआर के लिए शानदार गेंदबाजी की है। इरफान के अलावा पूर्व स्पिन गेंदबाज और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह का मानना है कि ÷वे इस साल अपने प्रदर्शन के आधार पर दुनिया को दिखा रहे हैं कि वे क्या करने में सक्षम हैं। इस सीजन जिस तरह से वे प्रदर्शन कर रहे हैं वो अविश्वस्नीय है। टीम प्रबंधन ने सीजन की शुरुआत में उन्हें बड़ी भूमिका नहीं दी क्योंकि किसी को भी उनकी असली क्षमता का अंदाजा नहीं था। लेकिन अब वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहा है और साबित कर रहा है कि वह क्या करने में सक्षम है।

## हार्दिक पांड्या की कप्तानी में क्या कुछ है खास राशिद खान ने किया एक्सप्लेन

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 से पहले हार्दिक पांड्या को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। गुजरात टाइटन्स ने उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी थी और इस फैसले को लेकर कई क्रिकेट पंडित काफी हैरान भी थे। हार्दिक की फॉर्म कैसी होगी, वह आईपीएल 2022 में गेंदबाजी करेंगे या नहीं, वह कप्तान के तौर पर किस तरह का प्रदर्शन करेंगे? ये सारे सवाल कई लोगों के जहन में थे। हार्दिक ने अभी तक अपने खेल और कप्तानी दोनों से प्रभावित किया है। साथी खिलाड़ी राशिद खान ने बताया है कि कौन सी बातें हार्दिक को खास कप्तान बनाती हैं। राशिद का मानना है कि हार्दिक ने टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार किया है, जिससे पहली बार आईपीएल में हिस्सा ले रही यह टीम अच्छी शुरुआत करने में सफल रही। गुजरात टाइटन्स ने पांच मैचों में चार जीत दर्ज की है और वह प्वॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर है। हार्दिक रन बनाने के मामले में अभी दूसरे नंबर पर हैं और इसके साथ वह अच्छी गेंदबाजी भी कर रहे हैं। राशिद ने गुजरात टाइटन्स की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 37 रन से जीत के बाद कहा, जिस तरह से वह (हार्दिक) टीम की अगुवाई कर रहा है, जिस तरह से उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर टीम माहौल तैयार किया है वह अभी तक शानदार है। अफगानिस्तान के इस स्पिनर ने कहा कि हार्दिक साहसिक फैसले करने से नहीं हिचकिचाते हैं। उन्होंने कहा, वह ऐसे कप्तान हैं जो हमेशा साहसिक फैसले करते हैं। हमेशा उन्हें भरोसा होता है और क्या करना है इसको लेकर उनकी राय स्पष्ट है।

## जो रूट ने इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सबसे सफल टेस्ट कप्तान जो रूट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। 2017 में एलस्टेयर कुक के कप्तानी छोड़ने के बाद जो रूट ने यह जिम्मेदारी संभाली थी। इंग्लैंड के लिए उन्होंने 64 टेस्ट मैचों में कप्तानी की, जिनमें 27 बार टीम जीती। रूट की कप्तानी के दौरान आखिरी 17 टेस्ट मुकाबलों में इंग्लैंड केवल एक मैच जीत सका था। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की हार के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ने का निर्णय लिया। रूट ने अपने बयान में कहा है- मैं देश के लिए खेलना जारी रखूंगा और आगे आने वाले कप्तान की मदद को हमेशा तैयार रहूंगा। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली मशहूर एशेज सीरीज में 0-4 की हार झेलने के बाद रूट को कप्तानी से हटाने की मांग तेज हो गई थी। इंग्लैंड के कई पूर्व खिलाड़ी रूट की कप्तानी की आलोचना कर रहे थे। एशेज सीरीज के बाद वेस्टइंडीज के दौरे पर गई इंग्लिश टीम भी 0-1 से सीरीज गंवा बैठी।

इसके बाद लगभग तय हो गया था कि रूट का टेस्ट कप्तानी करियर अब समाप्ति की ओर है।इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने इसी साल फरवरी में कोच क्रिस सिल्वरवुड को बर्खास्त किया था। इसका कारण भी एशेज सीरीज और 2021 में टीम का खराब प्रदर्शन रहा था। इसके बाद से ही समझा जा रहा था कि अगली बारी रूट की है। जो रूट ने अपनी कप्तानी छोड़ने पर कहा, वेस्टइंडीज से लौटने के बाद मैंने इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी छोड़ने का मन बना लिया था। यह मेरे करियर का लिया गया अब तक का सबसे मुश्किल फैसला है। इसके लिए मैंने अपने परिवार और करीबियों से बात की और फिर इस निर्णय पर पहुंचा। मैं जानता हूं कि कप्तानी छोड़ने का यह सही समय है। मैं अपने देश के लिए खेला और पिछले 5 सालों तक टीम की कप्तानी की, इस पर मुझे गर्व है। मैंने जो भी किया, यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है।

## व्यापार


# एफडीआई 7.5 लाख करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद

## उद्योग चैंबर ने महंगाई से बचने के उपाय करने को कहा



**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के दौरान देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) 100 अरब डालर यानी करीब 7.5 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। उद्योग संगठन पीएचडी चेंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआइ) ने गुरुवार को यह उम्मीद जताई। संगठन ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में किए गए आर्थिक सुधारों और कारोबारी सुगमता की दिशा में उठाए गए कदमों के दम पर भारत चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डालर का एफडीआइ आकर्षित कर सकता है। उद्योग संगठन ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक रहने की संभावना है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जिंसों के दाम, खासतौर पर कच्चे तेल के दाम में जिस तरह की तेजी दिख रही है, उससे महंगाई खासा बढ़ने का भी खतरा बना हुआ है। पीएचडीसीसीआइ के अनुसार आर्थिक विकास को मजबूत करने और अगले पांच साल में 5 लाख करोड़ डालर की लक्षित इकोनॉमी का आकार हासिल करने के लिए भारत को कई कदम उठाने की जरूरत है। संगठन ने इसके तहत बुनियादी ढांचा क्षेत्र में किए जाने वाले निवेश में तेजी लाने, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानी पीएलआइ योजना में उद्योग के अधिक से अधिक क्षेत्रों को शामिल करने और कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश में वृद्धि करने जैसी जरूरतों पर बल दिया है। इसके साथ ही संगठन ने कहा है कि वस्तुओं की ऊंची कीमत और कच्चे माल की कमी की समस्या को दूर करना बेहद जरूरी है।

# 61 टेक्सटाइल कंपनियां करेंगी 19,077 करोड़ का निवेश, ढाई लाख के करीब नौकरियां होंगी पैदा



**नई दिल्ली।** उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के तहत टेक्सटाइल क्षेत्र में 61 कंपनियों के आवेदन मंजूर किए गए हैं। टेक्सटाइल सचिव उपेन्द्र प्रसाद सिंह ने बताया कि 67 कंपनियों ने आवेदन दिए थे। चयनित कंपनियां 19,077 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। इस निवेश से प्रत्यक्ष रूप से 2.40 लाख नौकरियां निकलेंगी और 1,84,917 करोड़ रुपये के कारोबार की संभावना है। पीएलआइ स्कीम के तहत इन कंपनियों को पांच साल में प्रोत्साहन के रूप में 10,683 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। कंपनियों को हर वर्ष एक सीमा तक अपना उत्पादन और निर्यात बढ़ाना होगा। टेक्सटाइल सचिव ने बताया कि ये कंपनियां मुख्य रूप से मैन मेड फैब्रिक और अपैरल के उत्पादन के साथ टेक्निकल टेक्सटाइल का उत्पादन करेंगी। इसके तहत उत्तर प्रदेश में आठ कंपनियां निवेश करेंगी, लेकिन बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में इस स्कीम के तहत कोई निवेश नहीं हो रहा है। पीएलआइ स्कीम के तहत सबसे अधिक गोवा ग्लास 1,654 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। ट्राइडेंट का निवेश 1,609 करोड़, एमसीपीआइ का 1,383 करोड़ और शाही एक्सपोर्ट का 436 करोड़ का होगा। सिंह ने बताया कि चयनित कंपनियों को निवेश करने के लिए मार्च, 2024 तक समय दिया गया है। उसके बाद से पीएलआइ के पांच साल का समय शुरू होगा। सिंह ने बताया कि बुधवार को सरकार ने काटन के आयात को पूरी तरह से शुल्क मुक्त कर दिया है। ऐसे में काटन के दाम में कमी की उम्मीद की जा रही है। इससे काटन कपड़ों के दाम में भी राहत मिल सकती है। पिछले एक साल से काटन की कीमत लगातार बढ़ रही थी और उसे देखते हुए ही काटन पर लगने वाले आयात शुल्क को समाप्त किया गया है।

# इस साल भी झमाझम बरसेंगे बादल इकॉनमी को मिलेगा तगड़ा डोज

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के असर से निकल रही भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। मौसम विभाग ने इस साल देश में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के सामान्य रहने की संभावना जताई है। मॉनसून देश की इकॉनमी खासकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए काफी अहम है। देश में अधिकांश खेती मॉनसून में होने वाली बारिश पर निर्भर है। बेहतर फसल होने से किसानों की खर्च करने की क्षमता बढ़ती है और इसका इकॉनमी के कई सेक्टरों पर सीधा असर पड़ता है। आईएमडी के अनुसार इस साल मॉनसून के दौरान बारिश दीर्घावधि औसत के 96 से 104 प्रतिशत रहने की संभावना है। एलपीए बारिश के 1971-2020 की अवधि का औसत है जो 87 सेंटीमीटर है। पिछले साल मॉनसून के दौरान देश में सामान्य वर्षा हुई थी। लगातार तीसरे वर्ष देश में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई थी। इससे पहले साल 2019 और साल 2020 में बारिश सामान्य से अधिक हुई थी। इससे पहले मौसम का अनुमान बताने वाली देश की एकमात्र प्राइवेट एजेंसी स्काईमेट ने भी मॉनसून के दौरान देश में सामान्य बारिश का अनुमान जताया था।भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ एग्रीकल्चर है क्योंकि देश की 60 फीसदी आबादी खेती से जुड़ी है। देश में खेती काफी हद तक मॉनसून में होने वाली बारिश पर निर्भर है। यही वजह है कि यह किसानों के लिए यह खुश करने वाली खबर है। मॉनसून के सामान्य रहने से किसानों की फसल बेहतर होती है और उनकी कमाई बढ़ती है। इससे एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, टू-व्हीलर्स, ट्रैक्टर और गोल्ड की खरीदारी बढ़ जाती है। साथ ही एफएमसीजी, ऑटो एंड इंजीनियरिंग, बैंकिंग और एनबीएफसी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी देखने को मिलती है।भारत की कुल जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी करीब 15 फीसदी है। किसानों के लिए बारिश सोने से भी ज्यादा मूल्यवान है। अनुकूल मॉनसून से गुड्स और सर्विसेज की कीमत भी प्रभावित होती है। अगर बारिश कम होती है तो इंडस्ट्री को मार्केट नहीं मिल पाता है और इंडस्ट्रीज के लिए कच्चे माल की सप्लाई पर भी असर पड़ता है। मॉनसून के नाकाम रहने से देश की जीडीपी ग्रोथ प्रभावित होती है। इसका नॉन एग्रीकल्चर सेक्टर की मांग पर भी असर पड़ता है।इस समय पूरे देश में महंगाई चरम पर है। पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, पीएनजी और एलपीजी की कीमत में हाल में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसका चौतरफा असर देखने को मिल रहा है। खराब मॉनसून से स्थिति और जटिल हो सकती थी।

कम पैदावार से अनाज, फल-सब्जी और दूध जैसी रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजों के दाम और बढ़ सकते थे। लेकिन अच्छे मॉनसून से महंगाई पर लगाम लग सकती है। एक अनुमान के मुताबिक देश हर साल 800 से 850 टन गोल्ड की खपत होती है। इसमें 60 फीसदी हिस्सेदारी ग्रामीण इलाकों की होती है। अच्छा मॉनसून सोने की बढ़ावा देता है। किसान एसेट के तौर पर सोना खरीदते हैं। बेहतर मॉनसून में ब्रोकरेज कंपनियां एफएमसीजी, ऑटो एंड इंजीनियरिंग, बैंकिंग और एनबीएफसी कंपनियों के शेयर खरीदने की सलाह देती हैं। साथ ही फर्टिलाइजर, बीज, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर गुड्स और फाइनेंस कंपनियों के शेयर भी डिमांड में रहते हैं। इस तरह अच्छा मॉनसून शेयर बाजार पर भी प्रभाव डालता है।

# रियल एस्टेट की 8 कंपनियां देने वाली हैं तगड़ा रिटर्न, ब्रोकरेज का ये है टारगेट प्राइस



नई दिल्ली। भारत के रियल एस्टेट की कई ऐसी कंपनियां हैं जिनके स्टॉक निवेशकों को अच्छा रिटर्न देने वाले हैं। घरेलू ब्रोकरेज हाउस एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने ये अनुमान लगाया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने रियल एस्टेट की आठ कंपनियों के स्टॉक्स के लिए टारगेट प्राइस तय किया है।

रियल एस्टेट फर्म डीएलएफ के लिए 486 रुपए का टारगेट प्राइस है। वर्तमान में बीएसई इंडेक्स पर स्टॉक काप्राइस 390.85 है। इस हिसाब से देखें तो प्रति शेयर निवेशकों को 95 रुपए से ज्यादा का फायदा होगा। वर्तमान में ओबेरॉय रियल्टी का शेयर भाव 998.10 रुपए है, जिसका टारगेट प्राइस 1,142 रुपए था। फीनिक्स मिल्स का टारगेट प्राइस 1,364 रुपए तय किया गया है। वर्तमान में इसकी कीमत 1065.15 रुपए है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक ब्रिगेड एंटरप्राइजेज का टारगेट प्राइस 619 रुपए, प्रेस्टीज एस्टेट्स का टारगेट प्राइस 633 रुपए और महिंद्रा लाइफस्पेस का टारगेट प्राइस 473 रुपए है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने सोभा डेवलपर्स के लिए टारगेट प्राइस 1,000 रुपए, कोलटे-पाटिल डेवलपर्स के लिए टारगेट प्राइस 381 रुपए और गोदरेज प्रॉपर्टीज के लिए 1,804 रुपए तय कर रखा है। ब्रोकरेज हाउस ने इन सभी स्टॉक्स के लिए बाय रेटिंग दी है। मतलब ये कि निवेशक स्टॉक्स की खरीदारी कर सकते हैं। ये पढ़ें- पाकिस्तान में महंगाई की नई मार, 119 रुपए तक बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम! ब्रोकरेज का अनुमान है कि मार्च तिमाही में रियल एस्टेट कंपनी की प्री-सेल्स काफी हद तक तीसरी तिमाही बिक्री के अनुरूप रहेगी। कुछ डेवलपर्स की सेल्स में गिरावट देखी जा सकती है, जो कोविड की तीसरी लहर से प्रभावित रही हैं।

# 60 दिनों में विकास की कार्यो की ओर दौडेगा फिरोजाबाद शहर



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**फिरोजाबाद।** शासन द्वारा सुहागनगरी के विकास के लिए 12 सूत्रीय बिंदु निर्धारित करते हुए इस पर तत्काल अमल करने को पहल शुरू कर दी है। शुक्रवार को सुबह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने नगर आयुक्त और मेयर को निर्देश दिए कि वह एक विशेष अभियान चलाते हुए 60 दिनों के अंदर कार्ययोजना अमलीजामा पहनाने की प्रक्रिया अभी से शुरू कर दें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान महापौर नूतन राठौर, नगर आयुक्त प्रेरणा शर्मा के अलावा कई नगर निगम के कई अफसरान मौजूद थे। नगर विकास मंत्री ने निर्देश दिए कि शहर को खूबसूरत बनाने के लिए जो 12 सूत्रीय बिंदु निर्धारित किए गए हैं उसके लिए 15 अप्रैल से ही अभियान शुरू करना है जो 15 जून तक खत्म होगा। उन्होंने कहा है कि इस 60 दिवसीय अभियान के तहत वह कार्य कराने हैं जो शहर के विकास के साथ-साथ आम जनता को सहूलियत प्रदान कर सकें। नगर विकास मंत्री ने कहा कि जो 12 बिंदु निर्धारित किए गए हैं उसमें नगर निगम के सभी विभागों को अहम भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि जहां दो लेन या उससे अधिक की सड़कें हैं वहां मानक के अनुरूप लेन पेंटिंग तथा जेबरा क्रॉसिंग की मार्किंग की जाए। स्मार्ट सिटी से संबंधित जो भी कार्य सुनिश्चित है उन्हें जल्द पूरा किया जाए। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एयर क्वालिटी इंडेक्स गो मानक के अनुरूप रखने हेतु वैज्ञानिक तरीके से रोड साइड प्लांटेशन तथा ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएं। सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया जाए। इसके साथ ही शहर के मुख्य स्थलों पर बाल म्यूरल्स तथा वॉल पेंटिंग का कार्य कराया जाए। शहर के मुख्य स्थानों पर सुबह और शाम कूड़ा उठाने की प्रक्रिया अमल में लाई जाए। नाले-नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा इस पर माइक्रो प्लान बनाकर कार्य करें। नगर विकास मंत्री के निर्देश मिलने के बाद महापौर नूतन राठौर ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ आसफाबाद चौराहे पर पहुंचकर जेब्रा क्रॉसिंग बनाने का कार्य शुरू कराया। अधिशासी अभियंता नगर निगम निर्माण विभाग ने बताया है कि कार्य योजना के तहत सुभाष तिराहे पर सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू होगा। तिराहे पर लाइटिंग के अलावा आधुनिक फुब्बारा एवं रैलिंग लगाई जायेगी।

# हावड़ा-जोधपुर एवं हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेनों का पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**टूंडला।** हावड़ा-जोधपुर एवं हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेनों का पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर ठहराव के आदेश रेल मंत्रालय ने जारी कर दिए हैं। यह ट्रेन आगरा फोर्ट एवं टूंडला रेलवे स्टेशन पर रूकते हुए हावड़ा तक जाती है। क्षेत्रीय रेल परामर्शदात्री समिति, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज जोनल सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने बताया कि राँची से राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात कर उक्त दोनों ट्रेनों के ठहराव की मांग पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर की थी, जिस पर रेल मंत्री जी ने 14 अप्रैल से ठहराव के आदेश रेलवे बोर्ड से जारी करा दिए हैं। आगरा फोर्ट एवं टूंडला रेलवे स्टेशनों से फिरोजाबाद एवं आगरा जिले के जैन धर्मालंबियों को विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल जिसे सम्मेद शिखर भी कहते हैं पारसनाथ जाने के लिए सीधे रेलगाड़ी उपलब्ध हो जाएगी। 23 वें तीर्थंकर के नाम पर पहाड़ी का नाम पारसनाथ रखा गया है। पहले रेलयात्री धनबाद रेलवे स्टेशन पर उतर कर सड़क मार्ग से पारसनाथ तक यात्रा करते थे। कभी-कभी सुदूर राज्यों से आने वाले तीर्थ यात्रियों को घंटों बल्कि सारी सारी रात धनबाद रेलवे स्टेशन पर गुजारनी पड़ती थी। गौतम ने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं राज्यसभा सदस्य श्री महेश पोद्दार को हार्दिक धन्यवाद देते हुये आभार व्यक्त किया है। उक्त ट्रेनों के ठहराव पर जैन समाज के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# मेले में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम



हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**फिरोजाबाद।** दिगम्बर जैन मंदिर, नसिया जी मेला प्रांगण में जैनाचार्य विवेक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में महावीर जयंती के उपलक्ष मे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ लिया।

गुरुवार देर शाम मेला प्रांगण में बाल तीर्थंकर भगवान महावीर को श्रद्धालुओं ने स्वर्ण पालने में झुलाया। कार्यक्रम का उद्घाटन जितेंद्र जैन एवं मनीष जैन ने किया। तत्पश्चात रात्रि में गुरु सेवा शिष्य मंडल द्वारा चंदनबाला नृत्यनाटिका का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटनकर्ता पंकज जैन रहे। वही चित्र अनावरण प्रशांत जैन एवं दीप प्रज्वलन स्नेह कुमार जैन ने किया। काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया। शुक्रवार प्रातः इंद्र स्वरूप पुजारियों ने 108 कलशों से श्रीजी का अभिषेक एवं शांति धारा की गई। तत्पश्चात भगवान महावीर के विधान का आयोजन किया गया। विधान के पवित्र मंत्रों से समूचा प्रांगण गुंजायमान हो उठा। इसके बाद जैनाचार्य विवेक सागर महाराज ने अपनी मधुर वाणी से विशाल धर्मसभा को संबोधित किया एवं भक्तों को भगवान महावीर की विशेषताएं बताई। दोपहर की धर्मसभा में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महिला जैन मिलन द्वारा महिला सम्मेलन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। वहीं सायकालीन सभा में महावीर संगठन एवं सैकड़ों भक्तों द्वारा 2621 दीपको से भगवान महावीर की भव्य महाआरती एवं भक्ति की गई। मुनी ब्रह्मगुलाल का चरित्र चित्रण दर्शाया गया। जिसका उद्घाटन अशोक जैन तुलसी विहार ने किया, चित्र अनावरण अंशुल जैन तथा दीप प्रवज्वलन संजय जैन, अंकित जैन एवं अमन जैन ने किया। कार्यक्रम में मे अशोक जैन अनुज जैन तुलसी बिहार, दीपक जैन, रोहित जैन डोल्सी, प्रिन्स जैन, सुधांशु जैन, प्रवीन जैन, अमित जैन, सुनील जैन, चंद्रप्रकाश जैन, राहुल जैन एम.आर., जयंती प्रसाद, राजेश जैन, राहुल जैन इसौली, अजय जैन बजाज, राज जैन एवं सकल जैन समाज मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तर पर आयोजित स्वास्थ्य मेलों में बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड

हिंदुस्तान एक्सप्रेस

**फिरोजाबाद।** जनपद में 18 से 22 अप्रैल के बीच एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए.बी-पीएमजेएवाई स्टेट हेल्थ एजेंसी (साचीज) ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार प्रेमी ने बताया कि एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य मेले से संबंधित तैयारियां की जा रही हैं। स्वास्थ्य मेले में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से संबंधित सभी अस्पतालों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। आशा कार्यकर्ता योजना के लाभार्थियों को मेला स्थल तक ले जाएंगे और उनका आयुष्मान कार्ड बनवाने में सहयोग करेंगी। मेला स्थल पर जागरूकता सामग्री के माध्यम से आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना से संबंधित स्टॉल प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे। योजना के नोडल अधिकारी डॉ हंसराज ने बताया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में करीब 7.9 लाख लाभार्थी परिवार हैं, जिसके सापेक्ष करीब 1.8 लाख लाभार्थियो के पास आयुष्मान कार्ड ह। अब तक जनपद के 5185 हजार लोगों ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ लिया है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रति वर्ष प्रति लाभार्थी परिवार को पांच लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा भर्ती होने के बाद निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।



अमराई परिसर बागसेवनिया में नाग मंदिर से अमराई परिसर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई हनुमान जयंती के अवसर पर हनुमान जी की प्रतिमा की स्थापना की जाएगी और उसी अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है

# राज्य सूचना आयोग ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर लगाया 25 हजार रूपए का अर्थदंड

**टूंडला।** समय से सूचना न देने पर राज्य सूचना आयोग ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है। द्वारिकापुरम निवासी महेन्द्र सिंह निषाद ने विगत 14 सितंबर 2020 को जनसूचना अधिकारी कार्यालय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से सूचनाएं मांगी थीं। प्रथम अपील के बाद सूचनाएं नहीं दी गईं। जिस पर निषाद ने द्वितीय अपील आयोग में प्रेषित की। जिस पर राज्य सूचना आयोग ने मुख्य चिकित्साधिकारी फिरोजाबाद पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत नगला चन्दा वि.ख., शिकोहाबाद

पत्रांकः मीमो निविदा/राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/2022-23 दिनांकः 14.04.2022

ग्राम पंचायत नगला चन्दा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 22.04.2022 समय 02:00 बजे अपरान्ह तक पंजीकृत फार्मों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत नगला चन्दा से दिनांक 16.04.2022 को 10:00 बजे से 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 22.04.2022 को समय 03:00 बजे ग्राम पंचायत नगला चन्दा के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेंगी। जो उसी दिन निविदाओं की उपस्थिति में समय 3:00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदि मूल्य रू. 100.00 धरोहर धनराशि रू.....

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | इकाई प्रति | इकाई दर | सामग्री की अनु. लागत रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सीमेंट बैग | 865 | बैग | 352.00 | 304480 |
| 2 | फाइनसेन्ड घन मी. | 48 | घन मी. | 1995.00 | 95760 |
| 3 | कोर सेन्ड | 52 | घन मी. | 2835.00 | 147420 |
| 4 | स्टोनग्रिट 10-16 एमएम. घन.मी. | 88 | घन मी. | 2300.00 | 138000 |
| 5 | स्टोन बैलास्ट 40 एमएम गेज | 100 | घन मी. | 1850.00 | 202400 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंट सं. में | 25000 | प्रति हजार | 6.09 | 152250 |
| 7 | पॉलीथीन | 800 | वर्ग मी. | 12.00 | 9600 |
| 8 | फिलर | 250 | रनिंग में | 45.00 | 11250 |
| 9 | ब्रिक बैलास्ट 40 एमएम गेज | 17 | घन मी. | 1260.00 | 21420 |
| 10 | इंटरलॉकिंग ब्रिक्स | 1000 | घन मी. | 22.00 | 22000 |
| 11 | टाइल्स फ्लोर | 150 | प्रति नग | 450.00 | 6750 |
| 12 | टाइल्स बॉल | 600 | नग | 70.00 | 42000 |
| 13 | लोकल सेन्ड (जमुना बालू) | 10 | नग | 1050.00 | 10500 |
| 14 | आयरन | 200 | घन मी. | 58.00 | 11600 |
| 15 | आयरन गेट | 200 | कि.ग्रा. | 76.70 | 15340 |
| | योग | | कि.ग्रा. | | 1190770 |

निविदा शर्ते : 1. 02 प्रतिशत जमानत धनराशि की एफ.डी.आर सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी के नाम बंधक होगी। 2. निविदा स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार टेण्डर समिति को होगा। 3. निर्माण सामग्री आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है। 4. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्यवाही नहीं हो पाती है। तो कार्यवाही अग्रिम कार्य दिवस में की जायेगी।

कमलेश कुमारी
प्रधान
ग्रा. पं. नगला चन्दा, वि.ख. शिकोहाबाद

ईश्वेन्द्र कुमार
सचिव
ग्रा. पं. नगला चन्दा, वि.ख. शिकोहाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत डाहिनी वि.ख., शिकोहाबाद

पत्रांकः मीमो/ निविदा/राज्यवित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/2022-23/अति अल्प कालीन दिनांकः 14.04.2022

ग्राम पंचायत डाहिनी के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग/मनरेगा के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 22.04.2022 समय 02:00 बजे अपरान्ह तक पंजीकृत फार्मों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत डाहिनी से दिनांक 16.04.2022 को 10:00 बजे से 5:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 22.04.2022 को समय 03:00 बजे ग्राम पंचायत डाहिनी के सील बन्द बॉक्स में डाली जायेंगी। जो उसी दिन निविदाओं की उपस्थिति में समय 3:00 बजे टेण्डर समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदि मूल्य रू. 100.00 धरोहर धनराशि रू-

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | इकाई प्रति | इकाई दर | सामग्री की अनु. लागत रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सीमेंट बैग | 1020 | बैग | 320.00 | 326400 |
| 2 | फाइनसेन्ड घन मी. | 60 | घन मी. | 1995.00 | 119700 |
| 3 | कोर सेन्ड | 62 | घन मी. | 2835.00 | 175770 |
| 4 | स्टोनग्रिट 10-16 एमएम. घन.मी. | 98 | घन मी. | 2300.00 | 225400 |
| 5 | स्टोन बैलास्ट 40 एमएम गेज | 108 | घन मी. | 1850.00 | 199800 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंट सं. में | 36000 | प्रति हजार | 6.09 | 219240 |
| 7 | पॉलीथीन | 800 | वर्ग मी. | 12.00 | 9600 |
| 8 | फिलर | 300 | रनिंग मी. | 45.00 | 13500 |
| 9 | ब्रिक बैलास्ट 40 एमएम गेज | 20 | घन मी. | 1260.00 | 25200 |
| 10 | इंटरलॉकिंग ब्रिक्स | 1000 | प्रति नग | 22.00 | 22000 |
| 11 | टाइल्स फ्लोर | 200 | नग | 450.00 | 9000 |
| 12 | टाइल्स बॉल | 600 | नग | 70.00 | 42000 |
| 13 | लोकल सेन्ड (जमुना बालू) | 15 | घन मी. | 1050.00 | 15750 |
| 14 | आयरन | 200 | कि.ग्रा. | 58.00 | 11600 |
| 15 | आयरन गेट | 200 | कि.ग्रा. | 76.70 | 15340 |
| | अन्य सामग्री | | | | 100000 |
| | योग | | | | 1530300 |

निविदा शर्ते : 1. 02 प्रतिशत जमानत धनराशि की एफ.डी.आर सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगी। 2. निविदा स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार टेण्डर समिति को होगा। 3. निर्माण सामग्री आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है एवं पी.डब्ल्यू. डी. के दरों के अनुसार घट/बढ़ सकती है। 4. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्यवाही नहीं हो पाती है, तो कार्यवाही अग्रिम कार्य दिवस में की जायेगी।

सुमन कुमार
प्रधान
ग्रा. पं. डाहिनी, वि.ख. शिकोहाबाद

ईश्वेन्द्र कुमार
सचिव
ग्रा. पं. डाहिनी, वि.ख. शिकोहाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत रूधऊ वि.ख. शिकोहाबाद

पत्रांकः मीमो/रा.वि./पन्द्रहवां.वि./मनरेगा/निविदा/सामग्री आपूर्ति दिनांकः 14.04.2022

### निविदा विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत रूधऊ विकास खण्ड शिकोहाबाद की वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु पंचम रा.वि./पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित सामग्री क्रय किया जाना है। आपूर्तिकर्ता फर्म/संस्थाओं से अनुरोध है। कि कृपया आपूर्ति हेतु दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | मात्रा | दर | अनुमानित मूल्य | जमानत धनराशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईंट 1 प्रथम श्रेणी | 15000 | NOS | 91350.00 | 2% | 1 वर्ष |
| 2 | सीमेंट | 800 | BAG | 281600.00 | | |
| 3 | कोर सैण्ड | 75 | CUM | 212625.00 | 50407.9 | |
| 4 | बालू (फाइन सैण्ड) | 110 | CUM | 219450.00 | | |
| 5 | लोकल सैण्ड (जमुना बालू) | 60 | CUM | 63000.00 | | |
| 6 | स्टोन ग्रिट | 65 | CUM | 141635.00 | | |
| 7 | स्टोन ब्लास्ट | 25 | CUM | 503000.00 | | |
| 8 | इण्टरलॉकिंग ईंट | 10000 | NOS | 220000.00 | | |
| 9 | डस्टबिन | 5 | NOS | 12500.00 | | |
| 10 | सरिया | 5 | Qtl. | 24185.00 | | |
| 11 | विट्रीफाइड टाइल्स | 700 | NOS | 35000.00 | | |
| 12 | हैण्डपंप सामग्री (मरम्मत/रीबोर) | 20 | NOS | 800000.00 | | |
| 13 | ग्रामीण सचिवालय सामग्री | 01 | NOS | 175000.00 | | |
| 14 | स्ट्रीट लाइट/एल.डी.डी. लाइट | 50 | NOS | 193750.00 | | |
| | | | कुल | 2520395.00 | | |

निविदा की शर्ते-1 आपूर्तिकर्ता फर्म का व्यापार कर में पंजीयन अनिवार्य है। निविदा के साथ GST पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें। 2- पैन नं. पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न की जाए। 3- जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/FDR ग्राम पंचायत रूधऊ के नाम निविदा प्रपत्र के साथ जमा किया जाएगा। 4- निविदा फॉर्म निविदा प्रकाशन के पश्चात दिनांक 16.04.2022 से 22.04.2022 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय ग्राम पंचायत के सभाकक्ष निविदा शुल्क 200 रू. नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। 5- निविदा दिनांक 23.04.2022 को कार्यालय ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा तथा निविदादाताओं के समक्ष सायं 4 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी। 6- निविदा प्रपत्र अपूर्ण होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जाएगी। 7- निविदा स्वीकृति के पश्चात आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री आपूर्ति करने हेतु बाध्य होगी। आपूर्ति न की जाने की दशा में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 8- सामग्री आपूर्ति की मात्रा घट- बढ़ सकती हैं। 9- समिति को निविदा स्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

बाचाराम-प्रधान
ग्राम पंचायत रूधऊ वि.ख. शिकोहाबाद

ईश्वेन्द्र कुमार-सचिव
ग्राम पंचायत रूधऊ वि.ख. शिकोहाबाद

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुढ़ी वि.ख. हाथवन्त (फिरोजाबाद)

पत्रांकः मीमो/रा.वि./पन्द्रहवां.वि./मनरेगा/निविदा/सामग्री आपूर्ति दिनांकः 15.04.2022

### निविदा विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत कुढ़ी विकास खण्ड हाथवन्त, फिरोजाबाद की वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु पंचम रा.वि./पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित सामग्री क्रय किया जाना है। आपूर्तिकर्ता फर्म/संस्थाओं से अनुरोध है। कि कृपया आपूर्ति हेतु दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | इकाई प्रति | इकाई दर | सामग्री की अनु. लागत रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सीमेंट बैग | 1020 | बैग | 320.00 | 326400 |
| 2 | फाइनसेन्ड घन मी. | 60 | घन मी. | 1995.00 | 119700 |
| 3 | कोर सेन्ड | 62 | घन मी. | 2835.00 | 175770 |
| 4 | स्टोनग्रिट 10-16 एमएम. घन.मी. | 98 | घन मी. | 2300.00 | 225400 |
| 5 | स्टोन बैलास्ट 40 एमएम गेज | 108 | घन मी. | 1850.00 | 199800 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंट सं. में | 36000 | प्रति हजार | 6.09 | 219240 |
| 7 | पॉलीथीन | 800 | वर्ग मी. | 12.00 | 9600 |
| 8 | फिलर | 300 | रनिंग मी. | 45.00 | 13500 |
| 9 | ब्रिक बैलास्ट 40 एमएम गेज | 20 | घन मी. | 1260.00 | 25200 |
| 10 | इंटरलॉकिंग ब्रिक्स | 1000 | प्रति नग | 22.00 | 22000 |
| 11 | टाइल्स फ्लोर | 200 | नग | 450.00 | 9000 |
| 12 | टाइल्स बॉल | 600 | नग | 70.00 | 42000 |
| 13 | लोकल सेन्ड (जमुना बालू) | 15 | घन मी. | 1050.00 | 15750 |
| 14 | आयरन | 200 | कि.ग्रा. | 58.00 | 11600 |
| 15 | आयरन गेट | 200 | कि.ग्रा. | 76.70 | 15340 |
| | अन्य सामग्री | | | | 90000 |
| | योग | | | | 1530300 |

निविदा की शर्ते-1 आपूर्तिकर्ता फर्म का व्यापार कर में पंजीयन अनिवार्य है। निविदा के साथ GST पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें। 2- पैन नं. पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न की जाए। 3- जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/FDR ग्राम पंचायत कुढ़ी के नाम निविदा प्रपत्र के साथ जमा किया जाएगा। 4- निविदा फॉर्म निविदा प्रकाशन के पश्चात दिनांक 16.04.2022 से 18.04.2022 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय ग्राम पंचायत के सभाकक्ष निविदा शुल्क 200 रू. नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। 5- निविदा दिनांक 19.04.2022 को कार्यालय ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा तथा निविदादाताओं के समक्ष सायं 4 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी। 6- निविदा प्रपत्र अपूर्ण होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जाएगी। 7- निविदा स्वीकृति के पश्चात आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री आपूर्ति करने हेतु बाध्य होगी। आपूर्ति न की जाने की दशा में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 8- सामग्री आपूर्ति की मात्रा घट- बढ़ सकती हैं। 9- समिति को निविदा स्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

प्रधान
ग्रा.पं. कुढ़ी, वि.ख. हाथवन्त

सचिव
ग्रा.पं. कुढ़ी, वि.ख. हाथवन्त

## कार्यालय ग्राम पंचायत वनवीरपुर कुढ़ी वि.ख. हाथवन्त (फिरोजाबाद)

पत्रांकः मीमो/रा.वि./पन्द्रहवां.वि./मनरेगा/निविदा/सामग्री आपूर्ति दिनांकः 15.04.2022

### निविदा विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत वनवीरपुर कुढ़ी विकास खण्ड हाथवन्त, फिरोजाबाद की वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु पंचम रा.वि. /पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नलिखित सामग्री क्रय किया जाना है। आपूर्तिकर्ता फर्म/संस्थाओं से अनुरोध है। कि कृपया आपूर्ति हेतु दरें उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | इकाई प्रति | इकाई दर | सामग्री की अनु. लागत रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सीमेंट बैग | 1520 | बैग | 320.00 | 486400 |
| 2 | फाइनसेन्ड घन मी. | 90 | घन मी. | 1995.00 | 179550 |
| 3 | कोर सेन्ड | 62 | घन मी. | 2835.00 | 175770 |
| 4 | स्टोनग्रिट 10-16 एमएम. घन.मी. | 98 | घन मी. | 2300.00 | 225400 |
| 5 | स्टोन बैलास्ट 40 एमएम गेज | 108 | घन मी. | 1850.00 | 199800 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंट सं. में | 50000 | प्रति हजार | 6.09 | 304500 |
| 7 | पॉलीथीन | 800 | वर्ग मी. | 12.00 | 9600 |
| 8 | फिलर | 300 | रनिंग मी. | 45.00 | 13500 |
| 9 | ब्रिक बैलास्ट 40 एमएम गेज | 20 | घन मी. | 1260.00 | 25200 |
| 10 | इंटरलॉकिंग ब्रिक्स | 2000 | प्रति नग | 22.00 | 44000 |
| 11 | टाइल्स फ्लोर | 200 | नग | 450.00 | 9000 |
| 12 | टाइल्स बॉल | 600 | नग | 70.00 | 42000 |
| 13 | लोकल सेन्ड (जमुना बालू) | 15 | घन मी. | 1050.00 | 15750 |
| 14 | आयरन | 200 | कि.ग्रा. | 58.00 | 11600 |
| 15 | आयरन गेट | 200 | कि.ग्रा. | 76.70 | 15340 |
| | अन्य सामग्री | | | | 90000 |
| | योग | | | | 1847450 |

निविदा की शर्ते-1 आपूर्तिकर्ता फर्म का व्यापार कर में पंजीयन अनिवार्य है। निविदा के साथ GST पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें। 2- पैन नं. पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न की जाए। 3- जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/FDR ग्राम पंचायत वनवीरपुर कुढ़ी के नाम निविदा प्रपत्र के साथ जमा किया जाएगा। 4- निविदा फॉर्म निविदा प्रकाशन के पश्चात दिनांक 16.04.2022 से 18.04.2022 तक कार्यालय अवधि में कार्यालय ग्राम पंचायत के सभाकक्ष निविदा शुल्क 200 रू. नकद जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा। 5- निविदा दिनांक 19.04.2022 को कार्यालय ग्राम पंचायत के सभाकक्ष में अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त किया जाएगा तथा निविदादाताओं के समक्ष सायं 4 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी। 6- निविदा प्रपत्र अपूर्ण होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जाएगी। 7- निविदा स्वीकृति के पश्चात आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री आपूर्ति करने हेतु बाध्य होगी। आपूर्ति न की जाने की दशा में जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी। 8- सामग्री आपूर्ति की मात्रा घट- बढ़ सकती हैं। 9- समिति को निविदा स्वीकृत एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

प्रधान
ग्रा.पं. वनवीरपुर कुढ़ी, वि.ख. हाथवन्त


सचिव
ग्रा.पं. वनवीरपुर कुढ़ी, वि.ख. हाथवन्त

रघुपति प्रिय भक्तं बात जातं नमामि्

# आज मनेगा हनुमान जी का जन्मोत्सव

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** पवन पुत्र हनुमान की जयंती आज शनिवार को पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाई जायेगी। इस बार हनुमान



जयंती के दिन शनिवार भी पड़ रहा है, इसलिए इसका और भी महत्व बढ़ जाता है। हनुमान जयंती के अवसर पर नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। हनुमान चौराहे वाले हनुमान जी, बड़ोखर स्थित हनुमान मंदिर, खाकी बाबा की बगीची, गुफा मंदिर, पुलिस लाइन स्थित हनुमान मंदिर, 14 फुटा हनुमान जी आदि मंदिरों पर हनुमान जयंती मनाने की तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। इसके साथ ही घरौना हनुमान मंदिर करह धाम सहित जौरा, कैलारस, सबलगढ़, अम्बाह, पोरसा, पहाड़गढ़, दिमनी, बानमोर आदि में भी हनुमान जयंती मनाई जायेगी। इस अवसर पर अनेक स्थानों पर भजन कीर्तन सहित सुन्दरकाण्ड तथा हनुमान चालीसा का पाठ भी होगा।

## हनुमान चौराहे वाले हनुमान जी पर लगेंगे छप्पन भोग

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हनुमान चौराहा स्थित हनुमान मंदिर पर फूलबंगला व छप्पन भोग का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए मंदिर के पुजारी सतीश चतुर्वेदी ने बताया कि प्रातः की बेला में हनुमान जी महाराज का चोला चढ़ाया जाएगा। तत्पश्चात् आरती व कार्यक्रम होगा। दोपहर बाद फूलबंगला तथा शाम को छप्पन भोग, सुन्दरकाण्ड तथा अन्नकूट प्रसादी का वितरण भक्तों को किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की है।

## थरा आश्रम पर आज मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव


### - हनुमान जन्मोत्सव पर बन रहे हैं शुभ संयोग, मिलेगी संकटों से मुक्ति

**मुरैना/अम्बाह।** रामभक्त बजरंग बली की कई नामों से जाना जाता है। भगवान हनुमान को हर समस्या का संकटमोचक भी माना जाता है। हनुमान जी के भक्तों को पर उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहता है। हनुमान जी कलयुग में जागृत देव हैं। पं. रामदत्त मिश्र के कृपा पात्र पं अमित मिश्रा के अनुसार धार्मिक मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी को प्रसन्न करना काफी आसान होता है। हनुमान जी की कृपा से सभी तरह की मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी पावन दिन माता अंजनी की कोख से हनुमान जी ने जन्म लिया था। इस दिन को बड़े ही धूम-धाम से मनाया जाता है।

भागवताचार्य पं अमित मिश्रा ने बताया कि चैत्र माह की पूर्णिमा तिथि 16 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाई जाएगी। इस दिन हनुमान भक्त हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाएंगे। पूर्णिमा तिथि सुबह 02:25 से शुरू होगी, जो रात्रि 12:24 मिनट पर समाप्त होगी। इसी दिन रवि योग, हस्त व चित्रा नक्षत्र भी रहेगा। रवि योग सुबह 05:55 से शुरू होगा, जो रात्रि 08:40 तक रहेगा उसके बाद चित्रा नक्षत्र शुरू होगा। हस्त नक्षत्र सुबह 08:40 बजे तक ही रहेगा। इस साल हनुमान जन्मोत्सव कई शुभ योगों और शुभ मुहूर्त में मनाई जाएगी।

पं. अमित मिश्रा ने बताया कि बचपन में सूर्य को फल समझकर खा जाने वाले महाबली हनुमान का अवतार शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हुआ था यानी रामनवमी के ठीक छः दिन बाद। बड़े-बड़े पर्वत उठाने वाले, समुद्र लांघ जाने वाले, स्वयं ईश्वर का कार्य संवारने वाले संकटमोचन का अवतरण दिवस नजदीक है। ये पर्व विश्वभर में हनुमत भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया जाता है। मान्यता है कि हनुमान जयंती के दिन विधि विधान से बजरंगबली की पूजा अर्चना करने से सभी विघ्न बाधाओं का अंत होता है और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। अंबा में हनुमान जयंती पुराने थाने पर संजू गुप्ता कैला देवी इलेक्ट्रॉनिक पर बनाई जाएगी।

**रमज़ान-2022**



**आज 14वां रोजा**

16 अप्रैल इफ्तार: शाम 6:47 बजे
17 अप्रैल सहरी: प्रातः 4:27 बजे

## अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा, बाप की मौत, बेटी घायल

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** गुरुवार को सिविल लाईन थाना क्षेत्र में एनएच-थ्री हाईवे पर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक वृद्ध की मौत हो गई। जबकि उसकी बेटी को गंभीर रूप से घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा छौंदा टोलप्लाजा के निकट होना बताया जा रहा है।

मिली जानकारी के मुताबिक अजब सिंह अंदाना (63)पुत्र हाकिम सिंह निवासी सूबालाल का पुरा गुरुवार की दोपहर करीब तीन बजे बाइक पर अपनी बेटी मोनिका (25) को साथ लेकर गांव से मुरैना शहर स्थित अपने घर आ रहा था। इसी दौरान जब वे छौंदा नदी के पुल से गुजर रहे थे। तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में अजब सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि मोनिका बुरी तरह जख्मी हुई है। मोनिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 304ए का मामला दर्ज कर लिया है।

# हनुमान जयंती के अवसर पर शहर में जुलूस निकालते समय शांति व्यवस्था बनाये रखें: कलेक्टर

## जुलूस में धीमी आवाज के साथ धार्मिक गाने ही बजायें : पुलिस अधीक्षक

### जुलूस में हथियार ले जाना प्रतिबंधित रहेगा

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** शनिवार को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में शहर में चल समारोह झांकियां निकाली जायेंगी। यह झांकी शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुये ओवर ब्रिज से निकलते हुये बड़ोखर हनुमान मंदिर पर समाप्त होगी। समारोह में सभी शांति बनाये रखें। इस प्रकार की अपील कलेक्टर बी. कार्तिकेयन ने शांति समिति के लोगों से की है। कलेक्टर ने कहा है कि चल झांकी समारोह प्रारंभ करने से पूर्व धार्मिक अनुष्ठान करें किंतु कोई इश्यू न बनें यह सभी सदस्यों को देखना होगा। प्रशासन साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आदि व्यवस्थायें उपलब्ध करायेगा। इसके अलवा सुरक्षा के लिये पुलिस बल भी मौजूद रहेगा फिर भी समिति के लोग जिला प्रशासन का सहयोग प्रदान करें। एसी अपेक्षा जिला प्रशासन सदस्यों से करता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राय सिंह नरवरिया, अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजय कुमार जैन, एसडीएम शिवलाल शाक्य, समस्त थाना प्रभारी, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आदि लोग उपस्थित थे।



कलेक्टर बी. कर्तिकेयन ने कहा कि समिति के लोगों ने बताया है कि शनिवार को चल समारोह में लगभग चार हजार लोग, 10 सवारियां, निकाली जायेंगी जिसमें तलवार बंदूक, हथियार आदि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। झांकियों में गाने भी गरिमा के अनुरूप धीमी आवाज में बजाये जायेंगे। कोई ऐसा कार्य न हो कि जिले का नाम बदनाम हो। उन्होंने कहा कि जुलूस के साथ मुख्य मुख्य 10 कार्यकर्ता रहेंगे जिनके मोबाइल नंबर जिला प्रशासन के पास रहेंगे। उनके पुलिस प्रशासन द्वारा बैच लगाया जायेगा जिससे लोग शांति का वातावरण बनाकर रैली निकाल सकें। कलेक्टर ने कहा कि जुलूस में 6 मोटरसाइकिल, ध्वज वाहिनी के साथ चलेंगीं। इसके अलावा 2 व्हीलर वाहन को अनुमति नहीं होगी। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि विद्युत व्यवस्था दुरूस्त रहे, ट्रांसफार्मर के पास कोई ऐसा तार न निकले जो समस्या का कारण बने। एसडीएम चल समारोह की वीडियोग्राफी भी करायेंगे। नगर निगम स्वच्छता पर ध्यान देते हुये दो वाहन चल समारोह के पीछे चलवायें।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने कहा कि चल समारोह में डीजे धीमी आवाज से बजाने का निर्णय समिति के लोगों ने लिया है। यह समिति एवं प्रशासन के लिये लाभदायक रहेगा। ऐसे निर्णय की मैं भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में हनुमान जयंती धूम धाम से मनाई जाये। पुलिस प्रशासन सदैव चल समारोह के साथ में रहेगा किंतु ऐसा माहौल न बने कि पुलिस एवं मुरैना के लोगों की छवि धूमिल हो। पुलिस अधीक्षक श्री बागरी ने कहा कि इस्लामपुरा के समीप एक मंदिर छोटी गली में बताया गया है। वहां धार्मिक अनुष्ठान हो, किंतु डीजें नहीं बजाये जायें। उस कार्यक्रम की पुलिस प्रशासन वीडियोग्राफी करें, इसके लिये पुलिस प्रशासन निगरानी बनाये रखें।

# अहिंसक स्वावलम्बी अर्थव्यवस्था से बनेगा हिंसामुक्त भारत: अनिल भाई

## स्वराज्य व स्वावलम्बन के लिए जरूरी है सादगी : खुमानी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** आदिवासी क्षेत्रों में स्वावलम्बन का कार्य चुनौतीपूर्ण रहा है। एकता परिषद के प्रयासों से भूमि अधिकार अभियान में वंचित समुदाय को भूमि के अधिकार से समाज अनाज के मामलों में स्वावलम्बी हुआ है। अहिंसक स्वावलम्बी अर्थव्यवस्था से ही भारत हिंसामुक्त होगा। उक्त उद्गार जौरा आश्रम में बागी आत्मसमर्पण समारोह के दूसरे दिन राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में एकता परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल भाई ने कही।

**बागी आत्मसमर्पण की स्वर्ण जयंती समारोह**




एकता परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल भाई श्योपुर के बुढेरा गांव से एक महिला की बातों का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले उनको दबंग जाति के लोग कीड़ा कहते थे अभी उनको बुआ कहते है यह बदलाव आदिवासियों को भूमि का अधिकार मिलने और खेती किसानी करने से आत्मनिर्भर होने पर आया है। उन्होने कहा कि सांकरा और रून्नीपुरा में मधुमक्खी पालने से महिला समूह से जुड़ी महिलाएं आत्मनिर्भर होकर नई इबारत लिख रही हैं। महात्मा गांधी के अर्थव्यवस्था का केन्द्र गांव और ग्रामीण रहे हैं।

केरल से आये अनंतु जी ने कहा कि वर्तमान अर्थव्यवस्था लालची एवं हिसंक है। हिंसा पर आधारित अथवा उत्पादों के लाभ का विनियोग हिंसात्मक कार्यो में होने पर ऐसे उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। सुधीर भाई ने कहा कि हिंसा के आर्थिक, मानसिक और शारीरिक स्वरूपों को समझने की आवश्यकता है। श्री खुमानी ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन शैली, विचार और व्यवहार में सादगी से समाज में अहिंसक तरीके से स्वावलम्बन पर कार्य किया जा सकता है। तमिलनाडु में जैविक खेती पर काम कर रहे श्रीधर लक्ष्मण ने कहा कि जैविक उत्पादों के बाजारीकरण के लिए कृषि उत्पादों को बाजार से जोड़ने की जरूरत है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती गठबंधन से आयी सुश्री रिया ने कहा कि अर्थव्यवस्था में हिंसा और न्याय के तत्वों पर ध्यान देने की आवष्यक्ता है। देष भर में बीज स्वावलम्बन के लिए कार्य हो रहा है।

सम्मेलन के दूसरे सत्र की चर्चा षिक्षा पर केन्द्रित रही। इलाहाबाद के प्रोफेसर प्रदीप शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी के स्वराज्य, स्वावलम्बन को पोषित करने के लिए षिक्षा नीति और कार्य होने चाहिए जिससे कि गांधी विचारों पर आधारित देष का निर्माण किया जा सके इसमें नवजवानों की महती भूमिका है। सत्र का संचालन जय जगत की अंतराष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती जिलकार हैरिस व एकता परिषद के महासचिव रमेश शर्मा ने किया। सम्मेलन को बिहार के प्रदीप प्रियदर्शी, उड़ीसा की विष्णु बहन, मालवा से श्रद्धा बहन और चम्बल के जयसिंह ने सम्बोधित किया।

***एकता अखण्डता के लिए भारत की संतान की प्रस्तुति***

राष्ट्रीय युवा सम्मेलन के दौरान भिन्न-भिन्न राज्यों से आये नवजवानों के समूह ने डॉ. एस.एन.सुब्बराव (भाई जी) की प्रमुख गतिविधि भारत की संतान की प्रस्तुति ने सभी दर्षकों और भागीदारों का मन मोह लिया। इसमें भारत की 18 भाषाओं में गीत की प्रस्तुति कष्मीरी-अंजु नेगी, उर्दु-तनिषा,हिंदी-राखी, सिंधी-राखी जलतारे, कन्नड-आदित्य कुमार, मलयालम-हेमराज, तमिल-चंदरू, तेलगू-राजू कुमार, कोंकणी-कृष्णा, मराठी-नेहा, उड़ीया-मंजू, आसामी-नयनतारा, बंगाली-बबन, नेपाली-गीता शर्मा, मणिपुरी-षिवांगी , गुजराती-कृष्णा बहन और संस्कृत-पंकज पारंपरिक वेभभूषा में नृत्य व भाषा गीत के साथ दी।

# भीषण गर्मी में दाना-पानी की व्यवस्था कर बनें पक्षियों का सहारा: नरेश सिंह

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** शहरों में लगातार हो रहे कॉन्क्रीट निर्माण के कारण पक्षियों का रहना मुश्किल हो रहा है, गर्मी में उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं। गर्मी के दिनों में उन्हें न तो पानी मिल पाता है और न ही दाना। थोड़ी-बहुत चिड़ियाएं जो हमारे घर-आंगन, बालकनी में कभी-कभार दिख जाती थी, अब वो भी नहीं आतीं। लगातार बढ़ती गर्मी में पक्षी बिना दाना-पानी के बेहाल हो जाते हैं। हम उनका सहारा बन सकते हैं। उनके लिए हमें अपने घर के आंगन या बालकनी में, सोसायटी व स्कूल परिसर आदि जगहों पर दाना-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसा करने से उन पक्षियों को राहत मिलेगी।



यह बात समाजसेवी डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने पक्षियों के लिए चलाए जा रहे अन्न जल अभियान के दौरान कही। शुक्रवार को शिक्षकों ने डॉ. नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में वृद्धाश्रम उद्यान व हाउसिंग बोर्ड में पेड़ों पर पक्षियों के लिए सकोरे टांग कर नियमित सफाई और स्वच्छ पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित की। मप्र शिक्षक संघ व अमर शहीद बिस्मिल शिक्षा जनकल्याण संस्था द्वारा विमलेश यादव, रामावतार सिंह बगचीनी, जगदीश शर्मा, सत्यव्रत उपाध्याय, सतंजय मिश्रा आदि के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर एक दर्जन सकोरे पेड़ों पर टांगे, जिससे भीषण गर्मी में पक्षियों को दाना और पानी के लिए भटकना न पड़े। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने कहा कि पक्षियों के लिए हमें अपने घर के आंगन या बालकनी में, सोसायटी व स्कूल परिसर आदि जगहों पर दाना-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। ऐसा करने से उन पक्षियों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी और आपको पूण्य मिलेगा। लोगों को पक्षियों को गर्मी में अधिक प्यास लगती हैं लेकिन पानी की उपलब्धता कम होने से हीट स्ट्रोक का शिकार हो जाते हैं। विमलेश यादव ने कहा कि पक्षियों लिए गर्मी में पानी की महत्ता यह बताती है कि बूंद-बूंद पानी के उपयोग के साथ पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। आज अगर हम जल संरक्षण के महत्व को नही समझे तो हमारे भविष्य पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। रामावतार सिंह ने कहा कि हम इंसान तो गर्मी से बचने के कई उपाय कर लेते है लेकिन बेजुबान पक्षियों को पीने का पानी भी नही मिल पाता जिससे वे काल कलवित हो जाते है। जगदीश शर्मा ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिए लोगो को जागृत करने व परिवार के साथ पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लें इससे पूण्य तो मिलेगा ही बच्चे भी जीवों के महत्व को समझेंगे।

## पृष्ठ एक का शेष

**राज्यों के साथ मिलकर प्रभावी कार्य...**

आधारित योजनाएं, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, रोजगार एवं उद्यमशीलता आधारित योजनाओं के सफल संचालन से देशभर के करोड़ों लोगों को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचा है। नानाजी का यह केंद्र अनूठा है। यहां कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से प्रभावी कार्य हो रहे हैं, जो समाज में बदलाव ला रहे हैं। इस अवसर परसतना के सांसद गणेश सिंह, चित्रकूट-बांदा के सांसद आर.के. सिंह पटेल, राष्ट्रीय बाल अधिकार एवं संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो एवं दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन, सेमिनार के संयोजक बसंत पंडित भी विशेष रूप से उपस्थित थे, जिन्होंने अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम में श्री तोमर नेएसडीजी लक्ष्यों की संपूर्ण जानकारी के लिए एसडीजी इंटरवेंशन डॉट ओआरजी नाम से वेबसाइट लांच की। इस अवसर पर दक्षिण एशिया में एसडीजी का काम देख रहीं डॉ. नित्या केमकर लंदन ऑनलाइन जुड़ी, वहीं एसडीजी को आगे बढ़ाने में कार्यरत डॉ. काकोली घोष (एफओए, रोम)ने भी ऑनलाइन उद्बोधन दिया। एरिक सोलहेम (पेरिस) व शोम्बी शार्प (संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट को-ऑर्डिनेटर) का भाषण भी आभासी माध्यम से हुआ। कार्यक्रम में देश-विदेश के विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन तथा अधिकारी भी उपस्थित थे।

# ग्वालियर में पर्यटन विकास हेतु रोप-वे का निर्माण किया जाए: एमपीसीसीआई

**एमपीसीसीआई ने केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय मंत्री-नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री-प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद-विवेक नारायण शेजवलकर एवं आयुक्त नगर निगम ग्वालियर को लिखे पत्र**

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पर्यटन विकास हेतु रोप-वे का निर्माण किए जाने के संबंध में एमपीसीसीआई द्वारा केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री-श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय मंत्री-नरेन्द्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री-प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद-विवेक नारायण शेजवलकर एवं आयुक्त नगर निगम ग्वालियर को पत्र प्रेषित किया गया है।

एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष-प्रशांत गंगवाल, उपाध्यक्ष-पारस जैन, मानसेवी सचिव-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-ब्रजेश गोयल एवं कोषाध्यक्ष-वसंत अग्रवाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अवगत कराया गया है कि ऐतिहासिक शहर ग्वालियर में पर्यटन विकास की असीम संभावनाएं हैं। हमारे शहर ग्वालियर में कई ऐतिहासिक धरोहरें हैं जो कि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। इसी में प्रमुख स्थान ग्वालियर के ऐतिहासिक किले का है।

एममपीसीसीआई ने पत्र में उल्लेख किया है कि शहरवासी ही नहीं अपितु देश-विदेश से आने वाले पर्यटक हमारे ऐतिहासिक किले को देखने के लिए आते हैं, किंतु किले पर पहुंचने का मार्ग दुर्गम एवं शहर के हृदय स्थल से दूर होने के चलते पर्यटकों को काफी परेशानी होती है। इस परेशानी को दृष्टिगत रखते हुए ही विगत कई वर्षो से किले पर आवागमन हेतु रोप-वे की परियोजना प्रस्तावित है, किंतु वह अब तक मूर्त रूप नहीं ले पाई है। एमपीसीसीआई ने पत्र के माध्यम से मांग की है कि ग्वालियर किले पर आसानी से पहुंचने एवं पर्यटन विकास को बढावा देने हेतु उचित स्थान का चयन कर, रोप-वे परियोजना को शीघ्रातिशीघ्र मूर्त रूप दिया जाए ताकि किले पर देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सके। यह परियोजना हमारे शहर के पर्यटन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी।

## अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ ने किया शिव कुमार का सम्मान

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** शिव कुमार प्रजापति का 'सेंट्रल इंटेलिजेंस ब्यूरो मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स' में चयनित होने पर प्रजापति समाज द्वारा सम्मान किया गया। प्रजापति



समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रामअख्तियार प्रजापति (संयुक्त कलेक्टर भिण्ड) के पुत्र शिवकुमार प्रजापति का (ACIO) (CIB) में चयनित होने पर प्रजापति समाज के समाजसेवी द्वारा निज निवास गणेशपुरा में पहुंचकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ के जिला अध्यक्ष दिनेश प्रजापति, युवा अध्यक्ष सतीश प्रजापति, महासचिव सोनू प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति, एवं समाजसेवी विष्णु प्रजापति, रामधार प्रजापति, रामरतन प्रजापति, राकेश गोले, कमलेश प्रजापति, बीनू प्रजापति, दिलीप प्रजापति, जसरथ प्रजापति उपाध्यक्ष आदि मौजूद थे।

# लोकमंगल करने वाले जन देवता हैं संकट मोचन हनुमानलला

बल ,बुद्धि, विद्या और विवेक प्रदान करने वाले परम शूरवीर, अंजनानंदन ,पवन देव की तपस्या के परिणाम पुंज, रुद्रावतार ,आधि -व्याधि -शोक संताप दाहादि का प्रशमन करने वाले समस्त प्रकार के भयों मुक्ति दाता लोक विश्रुत प्रभावशाली जनदेवता हनुमान जी का प्राकट्य इस धरा पर चैत्र शुक्ल पूर्णिमा मंगलवार के दिन होने से देश भर में आज उनका जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है ।

वे स्वयं रूद्र के अवतार हैं ।महाकवि तुलसीदास जी ने दोहावली में वर्णन किया है -

जेहि शरीर रति राम सों, सोइ आदरहिं सुजान।
रूद्र देह तजि मोह बस ,शंकर भए हनुमान ।।
जान राम सेवा सरस, समुझि करब अनुमान ।
पुरुषा तें सेवक भए ,हर तें भे हनुमान ।।

रिक् संहिता, उपनिषद ,श्रीमद्भागवत पुराण, नारद पुराण, ब्रह्मवैवर्त पुराण, स्कंद पुराण ,महाभारत, रामचरितमानस, वाल्मीकि रामायण, सूक्ति सुधाकर, विनय पत्रिका, कवितावली, बृहज्जोतिषार्णव आदि में राम भक्त, कामधुक्, हनुमानजी के सम्बन्ध में विस्तार से पढ़ा जा सकता है।

अष्ट सिद्धियों -अणिमा, महिमा, लघिमा, गरिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व तथा नव निधियों -पद्म ,महापद्म, नील, मुकुंद ,नंद ,मकर, कच्छप, शंख खर्व स्वामी,लोक विस्मयकारी शक्तियों से संपन्न बजरंगबली श्रीराम के अनन्य भक्त है। डॉ. रणवीर सिंह शक्तावत 'रसिक' लिखते हैं -

फारि निज वक्षस्थल वीर हनुमान कह्यो,
लीजे लखि मातु ! खोलि हृदय बताऊं मैं।
लखन समेत सियाराम सुखधाम सदा,
आठों जाम मेरे उर धाम धरि ध्याऊँ मैं ।।
जो पे आजु काहू कैं प्रतीति नाहिं होय हिए.
रोम- रोम फारि राम नाम देखराऊँ मैं ।
बात न बनाऊँ बात सांची करि पाऊँ जो न.
बात न बढ़ाऊँ बात जात न कहाऊँ मैं ।।

ज्ञानियों में अगर पंक्ति में गिने जाने वाले हनुमान जी चिरंजीवी हैं उनके बुद्धि चातुर्य के बारे में महाकवि केशव दास जी ने कहा है -

सांचौ एक नाम हरि लीन्हे सब दुख हरि, और नाम परिहरि नरहरि ठाए हौ।
वानर न होहु तुम मेरे बानरस सम, बलीमुख सूर बली मुख
निज गाए हौ।।
साखा मृग नाही बुद्धि बलन के साखामृग कै धौं वेद साखामृग केशव कों भाए हौ।
साधु हनुमंत बलवंत जसवंत तुम ,गए एक काज को अनेक करि आए हौ।।

जब कहीं हारी बीमारी जिंदगी की गाड़ी अटकती है तो



'नासे रोग हरै सब पीरा' का जाप हर दवाई से बढ़कर माना जाता है उनके अप्रमेय अद्वितीय गुणों के कारण उनकी सर्वत्र सर्वकालिक सर्वदा उपस्थिति लोकमंगल करने वाली होती है शनिदेव के साथ उनकी मित्रता के कारण भी उनकी दोहरी पूजा होती रहती है हिंदुस्तान और हिंदुस्तान के बाहर जहां-जहां भी हिंदुस्तानी और विदेशी भक्त रह रहे हैं वहां वहां आंजनेय विराजमान है हर मोहल्ला, गली, चौराहे, शहर, राज्य में पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण सब दिशाओं में उनकी मौजूदगी उनकी लोक मान्यता का जीवंत प्रमाण है ।मंगलवार और शनिवार को हर घर परिवार का व्यक्ति, हनुमान चालीसा, बजरंगबान ,सुंदरकांड का पाठ करता मिल जाएगा । धनवान मंदिर में तो बलवान अखाड़े और मंदिर दोनों में ही उनकी पूजा करता है। अमीर, गरीब, बालक, युवा, वृद्ध ,स्त्री -पुरुष सब उनकी पूजा में निमग्न रहते हैं। कवि भूषण श्री जगदीश जी लिखते हैं-

शीश पर आहीश ने तो जगदीश धारी धर ,
कर पै भूधर धर उड़े आसमान हो ।
सेवक संदेशक हो राम के महान ,किंतु
कष्ट वक्त भक्तों का भी करते कल्याण हो ।।
अर्चना -आराधना के अनोखे हो देव तुम ,
सब जाति मानती है ऐसे दयावान हो ।
घर घर पूजते हैं चित्र भी पवित्र मान,
कोई ग्राम है नहीं जहाँ न हनुमान हो ।।

हिंदुस्तान की एकता और अखंडता के लिए उनकी गांव-गांव में उपस्थिति वरदान हैं रुद्रावतार ,बजरंगबली हनुमान जी के चरणारविंदो में नमन।

प्रणवउं पवन कुमार ,खल बन पावक ग्यान घन ।
जासु हृदय आगार, बसहिं राम सर चाप धर।।



**प्रस्तुति**
**डॉ. शिवकुमार शर्मा**
**सचिव, मप्र महिला आयोग**